# दरवाजे का कुन्दा तोड़कर घर से चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

सिंगरौली




विंध्यनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवजीवन बिहार सेक्टर नंबर 3 में बीते दिनों दरवाजे का कुन्दा तोड़कर सोने-चॉदी के जेवरात चोरी किया गया था। जहां विंध्यनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री व सीएसपी के निर्देश में थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी के द्वारा चोरी की घटना को पर्दाफांस किया गया है। खुलासा करते हुये बताया गया है कि बीते 18 नवम्बर को फरियादिया दीपा सार्थी पिता मुरारी सार्थी उम्र 29 वर्ष निवासी नवजीवन बिहार सेक्टर नंबर 3 ने थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि बीते 17 नवम्बर को रात करीबन 11 बजे घर में मैं-मेरी मां, तीनों बहन व मौसी खाना-पीना खाकर मेन गेट बंद करके अंदर कमरे में सो गये थे। जहां 18 नवम्बर के अलसुबह करीबन 3 बजे इसकी मौसी जगी और बताई कि मेरे गले का मंगलसूत्र कोई काट लिया और उसका लॉकेट ले गया। तब ये सभी घर का सामान देखे तो वन प्लस नोर्ड सी-3 मोबाईल फोन, ओप्पो ए-83 मोबाईल फोन, सेमसंग कंपनी का मोबाईल फोन और 1 कीपेड मोबाईल फोन लावा कंपनी मोबाइल भी नहीं था। बाहर जाकर देखे तो मेन गेट का कुन्दा टूटा था। कोई अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर घुसकर मौसी का मंगलसूत्र का लॉकेट व 4 मोबाईल फोन्स चोरी करके ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल एक टीम गठित की गई एवं मुखबिर लगाए गए। जिस पर बीते 19 नवम्बर को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम नवजीवन बिहार सेक्टर 3 का शनि साकेत एक मोबाइल बेचने का प्रयास कर रहा है। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जहां आरोपी सनी उर्फ सनिया साकेत पिता कृष्णदयाल साकेत उम्र 26 निवासी नवजीवन बिहार सेक्टर नंबर 3 थाना विन्ध्यनगर का रहने वाला बताया। जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछतांछ की गई जो अपने साथी राहुल कुमार साकेत पिता स्व. कुन्जलाल साकेत उम्र 24 वर्ष दोनों निवासी नवजीवन बिहार सेक्टर नंबर 3 थाना विन्ध्यनगर के साथ बीते रात घर में घुसकर चोरी करना स्वीकार किया। जिसके कब्जे से चोरी का सामान जप्त किया गया एवं आरोपीगणों को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अर्चना द्विवेदी, उनि अशोक शर्मा, सउनि सुनील दुबे, रमेश प्रजापति, प्रआर मुनेन्द्र राणा, पंकज सिंह, श्रवण सोनी, श्यामसुन्दर बैस, रुक्मिणी तिवारी, आर प्रताप पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

## 25 को बरका में विशाल धरना प्रदर्शन

**सिंगरौली।** सरई तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत महुली के सरपंच पति व भाजपा नेता सीपी सिंह ने 25 नवम्बर को सुबह 10 बजे महुली खेल मैदान में समस्त ग्रामवासी, आम जनता, गरीब मजदूर व किसानों के साथ धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है।

खाद्य वितरण आपूर्ति एवं सहकारिता विभाग के खिलाफ कई मांगे है । जिसमें ग्राम पंचायत महुली के उचित मूल्य दुकान अक्टूबर व नवंबर 2024 दो माह से बंद है। जिसमे गरीबों को खाद्यान्न नहीं मिला है। ग्राम पंचायत महुली के अनेक मोहल्ले का ट्रांसफार्मर विगत कई वर्षों से जले पड़े है। जो आज तक नहीं बदले गए है। ग्राम पंचायत महुली अंतर्गत डालापीपर व छोटी महुली का अघोषित बिजली कटौती बन्द नही हो रही है। गरीब आदिवासी पूरी रात अंधेरे में रहते है। इन समस्त मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# विंध्याचल में आयोजित दस दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन



सिंगरौली

एनटीपीसी विंध्याचल स्पोर्ट्स काउंसिल ने 19 नवम्बर को वीवा क्लब परिसर में आयोजित दस दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। जिसमें टीम स्टॉर्म राईडर ने टीम बीआईआरए बॉयज को सीधे दो सेटों में हराकर चैंपियनशिप अपने नाम किया। सेट के स्कोर 25-20 और 25-18 रहे। टूर्नामेंट के दौरान प्रतिस्पर्धा और साथीभाव की भावना ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमें कार्यकारी निदेशक विंध्याचल 11वीं और महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण 11वीं की टीमें आमन-सामने आईं। यह मुकाबला बेहद रोमांचक था और अंततः कार्यकारी निदेशक विंध्याचल 11वीं की टीम ने जीत हासिल की। मैच के स्कोर रहे 23-25, 25-10 और 15-9 । इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ई सत्य फणि कुमार ने अपने सहयोगियों डॉ. बीसी चतुर्वेदी, सहित अन्य ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए ।

# सीएम हेल्पलाईन रैकिंग में सिंगरौली ए ग्रेड पर

## प्रदेश में चौथा स्थान, संभाग में पहला, 80.25 फीसदी अंक किया अर्जित



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले को सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण में लगातार दूसरे माह ए ग्रेड प्राप्त हुआ। जिले को प्रदेशस्तर से जारी होने वाले रैकिंग में चौथा स्थान तथा संभाग में पहला स्थान प्राप्त करने का गौरव मिला। विदित हो कि राज्य शासन ने आमजनों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाईन की सुविधा प्रदान की गई। जिसमें नगारिकों ने अपनी समस्याओं की शिकायत की जाती है। जिसमें संबंधित विभाग द्वारा शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर उनके शिकायतों का निराकरण किया जाता है। शिकायतों के निराकरण के आधार पर प्रत्येक माह राज्य शासन द्वारा जिलावार रैकिंग जारी की जाती। प्रदेश सरकार द्वारा अक्टूबर माह की रैकिंग 20 नवम्बर को जारी की गई। जिसमें जिले ने 80.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त करने के साथ प्रदेश स्तर पर चौथा तथा संभाग स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया। प्रदेश स्तर से जारी रैकिंग में ए ग्रेड प्राप्त करने पर कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा विभागीय अधिकारियों एवं उनकी टीम को बधाई देते हुये कहा कि आप सबके प्रयास से जिलें को लगातार दूसरे माह ए ग्रेड प्राप्त हुआ। आप सब आगे भी शिकायतों का निराकरण कर जिलें के नागरिकों को संतुष्टि पूर्ण सेवा उपलब्ध कराये। प्रदेश शासन द्वारा जारी रैकिंग में जल संसाधन विभाग एवं उर्जा विभाग को संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। वही नगर पालिक निगम सिंगरौली तीसरा स्थान प्राप्त होने का गौरव मिला है तथा राजस्व विभाग को भी जारी रैकिंग में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कलेक्टर श्री शुक्ला ने कहा कि शिकायतों का निराकरण करने में विभागीय अधिकारी तत्परता के साथ कार्य करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही रैकिंग प्रभावित कर सकती है।

# ग्राम हर्रैया में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का विशाल भंडारा संपन्न

**सिंगरौली।** ग्राम पंचायत डिग्घी के ग्राम हर्रैया-बरगवां रोड में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का सातवें दिवस में अंतर्राष्टीय ख्याति प्राप्त अध्यात्म तत्ववेता योग एवं भागवताचार्य परमपूज्य पीठाधीश्वर श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर इटावा उ.प्र. से आये स्वामी परमानंद महराज द्वारा कथा में अध्यात्म तत्व शरीर को आत्मा एवं परमात्मा में परमधाम में विलीन होने की मार्मिक कथा का वाचन किया। साथ द्वापर युग के श्रीकृष्ण के जीवन का वर्णन किया। साथ ही महाराज जी द्वारा बार्मिल्की रामायण, पदमपुराण, स्कन्द पुराण की कथाओं का भी सारगर्णभित वाचन किया। जिससे स्रोतागण भावविभोर हो हुए।



आज की कथा में अतिथि के रूप में म.प्र. शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकाश मंत्री राधा सिंह, जिला कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी, डॉ. रविंद्र सिंह पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत, ज्ञानेंद्र द्विवेदी, सुभाष वर्मा पूर्व विधायक देवसर, भास्कर मिश्रा, राम शिरोमणि शाहवाल, राम ललित कुशवाहा सुदामा कुशवाहा, जीतेंद्र द्विवेदी, रूपेश चन्द्र पाण्डेय जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल, राकेश चन्द्र पाण्डेय वरिष्ठ पत्रकार, गुंजारी लाल तिवारी, देवेन्द्र सिंह राजपूत, राजेश दुबे, पिन्टू पाण्डेय, रणजीत सिंह, सूर्या द्विवेदी पूर्व जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस, मनोज शाह प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस पिछड़ा वर्ग, प्रवेश केवट, सुरेश बैस, रामजी पटेल, राधिका शाह पूर्व सरपंच, उपेंद्र द्विवेदी, सूरज पाण्डेय, महेश शाह एवं कथा में आये हजारों की संख्या में महिलायें, बच्चे, बृद्धजन प्रबुद्ध जनों ने कथा का रशपान किया व विशाल भंडारे मे महाप्रसाद ग्रहण किया। आज विशाल भण्डारा सम्पन्न जिसमें लगभग 5 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के राकेश चन्द्र पाण्डेय व गुंजारी लाल तिवारी ने सफल आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं व भक्तगण का धन्यवाद ज्ञापित किया और इसी तरह प्रत्येक वर्ष धार्मिक आयोजन किये जायेंगे।

# नवागत एसपी ने किया पदभार ग्रहण

## शांति व्यवस्था बनाये रखने की रहेगी प्राथमिकता

**सिंगरौली।** नवागत पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंच पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस अधिकारियों से जिले के गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात मीडिया से औपचारिक मुलाक ात करते हुये अपनी पहली प्राथमिकता बताया।

महिलाओं और कमजोर वर्ग के लोगों पर हो रहे अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करना, आमजनों की शिकायतें और जो गंभीर अपराध है उन पर कठोर और गंभीर कार्यवाही करने के साथ उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत करना, कोई भी घटना दुर्घटना होने पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंचे यह सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता रहेगी।



उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करूंगा कि पुलिस एक टीम की तरह काम करें। वही एक रिपोर्ट के आधार पर नक्सलियों के मूवमेंट के सवाल पर कहा कि अभी मैं जिले में नया आया हूं। अभी सभी प्रकार की आम लोगों, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से जानकारी लूंगा जो भी चुनौतियां पुलिस के सामने आएंगी कारगर और वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करूंगा। वहीं कम बल से जूझ रही पुलिस विभाग के सवाल पर कहा कि पुलिस का जितना बल है उतने से बढ़िया पुलिसिंग और प्रबंध करने के साथ जो चुनौतियां रहेंगे उनसे निपटने का काम करेंगे। जो उपलब्ध बल है उसका अधिक से अधिक उपयोग करेंगे।

## एनएसयूआई छात्र संगठन ने महाविद्यालय में मनाया इंदिरा गांधी की जयंती



**सिंगरौली।** जिले के शासकीय महाविद्यालय सरई में एनएसयूआई छात्र नेता राहुल जायसवाल के अध्यक्षता में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी की पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनाई गई। एनएसयूआई छात्र नेता राहुल जायसवाल ने कहा कि इंदिरा गांधी देश के प्रथम महिला प्रधानमंत्री थी और देश को काफी ऊंचाई तक देश के लिए मर मिट गए। भारत में इन्हें आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है।

# एनटीपीसी ने व्यापार मेला में 1.5 लाख में सुख इको-हाउस का किया अनावरण



**विंध्यनगर।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत पावर यूटिलिटी एनटीपीसी लिमिटेड ने भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपनी अभिनव इको-फ्रेंडली और सस्ती आवासीय समाधान सुख इको-हाउस का अनावरण किया। जहां सतत आवास समाधान में एक मील का पत्थर साबित होगा। इको-हाउस थर्मल पावर प्लांट्स से प्राप्त फ्लाई ऐश और ऐश-आधारित उत्पादों का लगभग 80 प्रतिशत उपयोग करते हैं। जहां ग्रामीण आवास के लिए एक क्रांतिकारी दृष्टिकोण पेश करते हैं और कंपनी की स्थिरता और शून्य कार्बन उत्सर्जन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इन घरों में ऐश से बने इन्टरलॉकिंग वॉल ब्लॉक्स का उपयोग किया गया है। जिससे इन्हें बनाने के लिए रेत, सीमेंट, स्टील या मोर्टार की आवश्यकता नहीं पड़ती। जिससे निर्माण की लागत और समय में काफी कमी आती है। ऐश आधारित निर्माण सामग्री के उपयोग से सीमेंट और प्राकृतिक एग्रीगेट्स की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

# रिहंद बांध रिजरवार में एनटीपीसी फेंक रहा मिट्टी व मलवा

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत ने की शिकायत



**शक्तिनगर।** रिहंद जलाशय रिजरवार प्रतिबंधित क्षेत्र में एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना तृतीय चरण निर्माण से निकलने वाले मिट्टी मालवा फेंका जा रहा है। रिहंद जलाशय के किनारे एवं जलाशय में मिट्टी मालवा गिराए जाने से जल प्रदूषण के साथ-साथ जलाशय में रहने वाले जीव-जंतुओं पर भी असर पड़ेगा तथा पानी भी प्रदूषित हो रहा है। इस संबंध में पर्यावरण एवं सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत मिश्रा द्वारा एक जनहित शिकायत मुख्यमंत्री के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत कराया गया है। जिसमें कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रबंध निदेशक जल विद्युत निगम को आंतरिक किया गया है। एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना द्वारा प्राकृतिक धरोहरों का स्वास्थ्य कारण करते हुए लगातार पर्यावरण मानकों के विरुद्ध कार्य किया जा रहा है।

## न्यायालय में नियुक्त हुए अभियान अधिकारी

**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल का आदेश क्रमांक एफ 1/1/1/0087 /24 /बी-4/दो, दिनांक 14 नवंबर 2024 एवं लोक अभियोजन संचालनालय के पृष्ठांकन आदेश क्रमांक/लोक अभि. संचा./स्था2.1/1253-, 2024 भोपाल दिनांक 14 नवंबर 2024 के द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2021 में चयनित प्रत्यांशियों को 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर नियुक्ति आदेश जारी किये गये, जिसके पालन में सीधी जिले के जिला लोक अभियोजन अधिकारी कार्यालय में कुल 5 नवनियुक्ति सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी क्रमश: ओमप्रकाश बागरी, गरूण कुमार कोल, श्रीमती जागृति पाण्डेय, श्रीमती अलका दुबे एवं सुश्री आसिता मिश्रा द्वारा दिनांक 18 नवंबर 2024 को कार्यालय में उपस्थित होकर पदभार ग्रहण किया गया है।

# ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों का वुशु नेशनल चैंपियनशिप में चयन

सीधी

जबलपुर के इनडोर हॉल खेल परिषद रांझी में 17 नवंबर 2024 को आयोजित हुई। स्पर्धा में संभागीय खेल एवं कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय वुशु दल का चयन के दौरान सीधी जिले से पांच खिलाडियों ने भाग लिया था। जिसमें ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल सीधी के चार खिलाडियों का चयन हुआ है। जिसमें प्रगति कुशवाहा प्रथम, अनुपम यादव प्रथम, अयांश जायसवाल प्रथम, दिवेश सिंह चौहान द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सीधी जिले के खेल जगत से जुड़े खिलाडियों एवं पूरे स्कूल परिसर में हर्ष व्याप्त है। बड़े ही गौरव का विषय है कि स्कूल के खिलाडियों ने पहली बार में ही राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में चयनित होकर अपने जिले एवं अपनी स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं अब यह सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पंजाब के तरन तारण में आयोजित होने वाली 24 वीं जूनियर वुशु नेशनल चैंपियनशिप में अपना दम दिखाएंगे। छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक धरम विजय सिंह परिहारए व प्रधानाचार्या श्रीमती ऋचा झा एवं खेल प्रशिक्षक शेर अली खान वुशु नेशनल रेफरी आदि लोगों ने कोच अंकित सेन एवं खिलाडियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान समस्त शिक्षक गण निवेदिता चटर्जी, सौरभ सिंह संजय त्रिपाठी, संध्या तिवारी प्रियंकी श्रीवास्तव, समता चतुर्वेदी, अनुष्का गौतम, एकता शुक्ला, अभिषेक भारती, मनीष रवि, दीक्षा केवट, पुष्पराज सिंह सोलंकी, आकाश झा, अरुण तमग, प्रकाश पटेल उपस्थित रहे।

## अजजा कृषकों को मिनी किट बीज व कार्ड का वितरण

**सीधी।** जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के ग्राम पंचायत बघवार ग्राम गोड़हा टोला में अजजा कृषकों को मशूर मिनी किट बीज एवं एसएचसी कार्ड का वितरण किया गया। एईओ बुढगौ़ना रामपुर नैकिन की मौजूदगी में सरपंच बघवार भानु प्रताप सिंह के समक्ष अजजा कृषकों को मशूर मिनी किट बीज एवं एसएचसी कार्ड का वितरण किया गया।

# गांधी विद्यालय को स्टेट कुराश में एक गोल्ड दो सिल्वर व ग्यारह ब्रोंज मेडल प्राप्त

**सीधी।** विद्यालय के पीटीआई मामून अंसारी ने बताया कि 68वीं राज्य स्तरीय शालेय कुराश खेल प्रतियोगिता 13 नवंबर से 17 नवंबर तक इंदौर जिले के वैष्णो स्पोर्ट्स अकैडमी में आयोजन किया गया था जिसमें गांधी विद्यालय की कई छात्राओं अपना अच्छा प्रदर्शन देकर मेडल प्राप्त किया मेडलिस्ट खिलाड़ियों के नाम अंशिका वर्मा गोल्ड मेडल, अनुष्का पटेल सिल्वर मेडल, प्रथम पांडे सिल्वर मेडल, पावनी शुक्ला ब्रोंज मेडल, सुभी सिंह ब्रोंज मेडल मेडल, रितिका सोनी ब्रॉन्ज मेडल, अभिनव सिंह ब्रॉन्ज मेडल, चंदन सिंह ब्रॉन्ज मेडल, सुशांत सिंह ब्रॉन्ज मेडल, विवेक गौतम ब्रोंज शिवम त्रिपाठी ब्रॉन्ज मेडल पीहू सिंह ब्रॉन्ज मेडल निधि द्विवेदी ब्रॉन्ज मेडल श्रद्धा वर्मा ब्रॉन्ज मेडल, इन सभी खिलाडियों ने राज्य स्तरीय कुराश खेल प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त कर विद्यालय व जिले को गौरवान्वित किया है।

इन सभी खिलाड़ियों को बधाई के लिए विद्यालय के प्रबंधक फादर थोमस तेलेकाट प्राचार्या सिस्टर लिन्सी, वाईस प्राचार्या सिस्टर हेलेना किंडर गार्डन इंचार्ज सिस्टर बोनी मारिया जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेमलाल मिश्रा जिला क्रीड़ा अधिकारी हरिशंकर पांडे ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप वर्मा पीटीआई किर्ती सिंह, मोहम्मद अशरफ, आर.बी. सिंह, नुरुस्लाम मंडलिक मिश्रा खेल युवा कल्याण विभाग खेल प्रशिक्षक मनिन्द खान रोशन जायसवाल गाँधी विद्यालय के पी.टी.आई. मो0 मामून अन्सारी, पी.टी. आई. हेलेन तिर्की एवं विद्यालय के समस्त परिवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत

# स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सीधी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में दिनांक 18.11.2024 को महाविद्यालय के अटल ऑडिटोरियम मे प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के मुख्य आतिथ्य में नई शिक्षा नीति 2020 के एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र में प्राचार्य ने एक दिवसीय कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए अध्ययन अध्यापन, पाठ्यक्रम, परीक्षा पद्धति की जानकारी दी और साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं को अवगत करते हुए योजनाओं से लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया।



उन्होंने मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना तथा प्रतिभा किरण योजना को विस्तार से समझाते हुए पात्र विद्यार्थियों को योजना का लाभ लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की समझाइस दी।

कार्यशाला में डॉ उमाकांत साहू सहायक प्राध्यापक रसायन विज्ञान व एन.ई.पी.जिला एम्बेसडर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पाठ्यक्रम एवं परीक्षा परिणाम में क्रेडिट सिस्टम की विस्तृत जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की। कार्यशाला में अगले वक्ता के रूप में डॉ गुलशेर अहमद सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने महाविद्यालयीन परीक्षा प्रणाली के संचालन व प्रश्नपत्र से संबंधित महत्वपूर्व बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डॉ विनोद कुमार प्रजापति विभागाध्यक्ष गणित एवं नोडल अधिकारी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ने पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति, आवास योजना एवं मुख्यमंत्री जन कल्याण योजना (सम्बल योजना) से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ रामसुरेश भारती सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान ने राष्ट्रीय छात्रवृत्ति व अन्य महत्वपूर्ण छात्रवृत्तियों पर प्रकाश डाला। डॉ राकेश सिंह चौहान ने गांव की बेटी योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आर.बी.एस. चौहान विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक अर्थशास्त्र एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यशाला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ विभा कुशवाहा अतिथि विद्वान अर्थशास्त्र द्वारा किया गया। कार्यशाला में स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र छात्राएं व महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं अतिथि विद्वान उपस्थित रहे।

## आजीविका मिशन तथा मध्यांचल बैंक के मध्य समन्वय बैठक आयोजित



**सीधी।** मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन मझौली कार्यालय में मध्यांचल ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक महोदय एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक महोदय की उपस्थिति में 19 नवंबर को विकास खण्ड कुसमी एवं मझौली के विकास खण्ड प्रबंधक के साथ-साथ सहायक विकासखंड प्रबंधक एवं मध्यांचल ग्रामीण के शाखा प्रबंधक के मध्य समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मध्यांचल ग्रामीण बैंक की शाखाओ में समूह सीसीएल वितरण में आने वाली समस्याओं के संबंध में चर्चा की गयी, एवं भविष्य में सीसीएल वितरण की प्रगति में तेजी लाने के लिए कार्य योजनाएं बनाई गई जिससे अधिक से अधिक सीसीएल का वितरण समय पर सुनिश्चित हो सके।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रतियोगिताएं हुई सम्पन्न

**सीधी।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में ''भारतीय ज्ञान परंपरा'' के अंतर्गत भाषण, निबंध, लोक गान, लोक नृत्य एवं प्रश्नमंच की प्रतियोगिताओं का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। आज होने वाले इस समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह वितरित किया गया।

कार्यक्रम में स्वागत एव अध्यक्षीय उद्धबोधन प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति ने किया। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री पवन मिश्रा अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय मझौली उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राचीन ग्रंथ और परंपराएं हमारे मार्गदर्शक हैं जो हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम



में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती मंजू सिंह प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय मड़वास उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को कभी अहंकार नही पालना चाहिए इसके साथ ही सभी प्रतिभागी छात्रों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एड. अमरनाथ तिवारी ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हमारी उन्नति सम्भव है।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. दीपक अग्निहोत्री एवं डॉ. आकांक्षा मिश्रा ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. पंकज मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ संगीता मिश्रा, डॉ निशा सिंह, डॉ. ज्योति रजक, डॉ संध्या वर्मा, डॉ अमिता खरे, डॉ कमलेश जायसवाल, डॉ अनुराग तिवारी, डॉ रामधारी जायसवाल, डॉ राजेश पटेल, प्रो. प्रवीण कुमार साकेत, डॉ सुरेंद्र गुप्ता, श्री सुंदर लाल प्रजापति, श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस सीधी के उपाध्यक्ष बनें सानेंद्र सिंह

**सीधी।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुमति एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष तथा चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल एवं पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान द्वारा सानेंद्र सिंह चौहान डैनिहा को ब्लॉक कांग्रेस सीधी में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही उम्मीद की गई है कि आप कांग्रेस पार्टी में पद लेने के बाद कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस सीधी के उपाध्यक्ष सानेंद्र सिह चौहान डैनिहा ने कहा कि हमें जो जिम्मेदारी मिली है उसके लिए हम पूरी मेहनत के साथ काम करेंगे। उन्होने पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल एवं



कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं को साथ लेकर हम पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम करेंगे।

## किराने की दुकान में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

**सीधी।** जिले के रामपुर नैकिन थाना अंतर्गत ग्राम रैदुअरिया मे बुधवार की सुबह 7 बजे अज्ञात कारणों की वजह से अचानक एक किराने की दुकान में आग लग गई। जिसकी वजह से सारा सामान जलकर राख में तब्दील हो गया। लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन जब तक आग बुझा पाते तब तक पूरा किराने का सामान जल गया था।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत जिला चिकित्सालय में रक्त दान शिविर का हुआ आयोजन

**सीधी।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर से 26 नवंबर तक किया जा रहा है। प्रतिदिन विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार दिनांक 20 .11.2024 को जिला चिकित्सालय सीधी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान महादान के महत्व को बताते हुये इसमें लाइन डिपार्टमेंट के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित होकर रक्तदान किया तथा इसका महत्व लोगों को बताया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.11.24 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की विधिवत शुरुआत हो चुकी है।




इस अभियान के लाइन डिपार्टमेंट द्वारा अपने विभाग से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से जिला चिकित्सालय सीधी में आयोजित रक्तदान शिविर में 32 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर में प्रमुख रूप से राजस्व, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय, आबकारी, नगरपालिका, महिला बाल विकास, जन जातीय कार्य विभाग, जिला पंजीयक कार्यालय के साथ आर्या पैरामेडिकल कॉलेज के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रों द्वारा रक्तदान किया गया।

रक्तदान शिविर में डॉ अमन सिंह के साथ ब्लड बैंक के स्टाफ , सिविल सर्जन डॉ दीपारानी इसरानी, सीएमएचओ डॉ सुनीता तिवारी, जिला पंजीयक अभिषेक सिंह बघेल, सहायक आयुक्त डॉ डीके द्विवेदी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल, तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी, नायब तहसीलदार तीरथ प्रसाद, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के गंगा सिंह, राकेश शुक्ला, प्रकाश पांडे, प्रमुख रूप से रक्तदान शिविर में शामिल हुए।

# धैर्य खत्म, 88 दिन हुआ आंदोलन, अब होगा जेल भरो आंदोलन: विवेक



**सीधी।** ललितपुर-सीधी-सिंगरौली रेल लाइन से प्रभावित भूमिहीन परिवार रोजगार, मुआवजा जैसी विभिन्न समस्या को लेकर लगातार 88वें दिन कलेक्ट्रेट मुख्यालय के सामने वीथिका भवन में अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी है। जहां शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब दो सैकड़ा ऐसे यदि गरीब परिवार है जिनके पास रहने के लिए मकान, रोटी, कपड़ा जैसी चीज नहीं है। जो भी है परिवारों के पास कच्चा टूटा-फूटा मकान था, रेलवे में फंसने की वजह से यह बेघर हो चुके हैं। ऐसी अवस्था में 88 दिन बीत चुके हैं अनिश्चितकालीन आंदोलन जहां अभी भी आश्वासन के रूप में आस लगाए बैठे हुए हैं। जिसमें राजस्व अधिकारियों द्वारा या बताया जा रहा है कि भूमिहीन परिवारों के लिए भूमि कार्यवाही जल्द पूर्ण होने वाली है, लेकिन एक लंबा समय बीत चुका है और ऐसी स्थिति में अब धैर्य का बांध टूट रहा है। उम्मीद है प्रशासन जल्द कार्रवाई करें।

# पुराने अतिथि शिक्षकों को हटाने की हुई साजिश

**सीधी।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा चालू शैक्षणिक सत्र में अतिथि शिक्षकों की भर्ती को लेकर बड़ा बदलाव कर देने से पुराने अतिथि शिक्षकों को हटाने की बड़ी साजिश को अंजाम दिया गया। संकुल बम्हनी अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बारी में पदस्थ पुराने अतिथि शिक्षकों को सुनियोजित तरीके से सत्र के आरंभ होते ही बाहर कर दिया गया। जिसके चलते कई सालों से पठन-पाठन करा रहे आधा दर्जन से ज्यादा अतिथि शिक्षक बेरोजगार हो गए। अतिथि शिक्षक भर्ती में



मनमानी को लेकर उक्त विद्यालय में सालों से कार्यरत रही निशा तिवारी द्वारा सीएम हेल्पलाईन में शिकायत क्रमांक 29617315 दर्ज कराकर अतिथि शिक्षक भर्ती में मनमानी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। उक्त शिकायत बिना संतुष्टि कारक निराकरण के ही बंद करा दिया गया। वहीं पुराने अतिथि शिक्षक बुद्धिसेन शुक्ला ने कहा कि विद्यालय के पुराने अतिथि शिक्षकों को हटाने के लिए महीनों पहले से ही साजिश शुरू कर दी गई थी। साजिश के तहत विद्यालय में पठन-पाठन कर रहे हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम खराब कराया गया। जिसके चलते पूर्व में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को बाहर किया जा सके। यहां के संस्था प्रमुख द्वारा पठन-पाठन को लेकर गंभीरता अभी भी नहीं दिखाई जा रही है। जिसके चलते यहां पढने् वाली छात्राओं द्वारा पठन-पाठन न होने को लेकर फरियाद करते हुए कार्यवाही के लिए वीडियो वायरल कराया गया था।

## मूकबधिर दिव्यांगों द्वारा आरटीओ को सौंपा गया ज्ञापन

**सीधी।** जिले में मूकबधिर दिव्यांगों को बसों में कोई सुविधा नहीं मिल रही है साथ ही हर जगह उनकी अवहेलना की जा रही है। इस मामले को लेकर मूकबधिर दिव्यांग सोनांचल विंध्य बधिर संगठन द्वारा जिला परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें मांग की गई है कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा दिव्यांग जनों की यात्रा के लिए 50 प्रतिशत किराए में छूट दिलाने सहित एक विशेष पास जारी भी किया जाए। यदि दिव्यांग जनों के सुगम यात्रा के लिए पास जारी होगा तो वह सुगम रूप से यात्रा कर सकते हैं।

# जनजाति गौरव दिवस चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**सीधी।** बुधवार को जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में हाई स्कूल पुरैईन डोल में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में रैली और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य अजीत सिंह द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित करके की गई। इसके पश्चात रैली का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान और जनजातीय समाज के उत्थान के लिए किए गए उनके प्रयासों को प्रदर्शित करते हुए नारे लगाए। रैली के दौरान भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें और जनजातीय गौरव हमारा अधिकार जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। रैली के उपरांत विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और उनके आदर्शों को अपने चित्रों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। उनके संघर्ष, शौर्य और जनजातीय समाज के लिए किए गए बलिदानों को चित्रों में उकेरा गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने मोबाइल प्रोजेक्टर की सहायता से भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़ी प्रमुख घटनाओं को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा ने किस प्रकार आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया। उनकी वीरता और अदम्य साहस ने न केवल आदिवासी समाज को प्रेरित किया, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष में उनके योगदान को स्मरणीय बना दिया।

# अभितांजल का राज्यस्तरीय तबला वादन में हुआ चयन



**सीधी।** बाल रंग प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग तबला वादन में अभितांजल मिश्रा संभाग स्तर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य के लिए चयनित हुए हैं। अभितांजल ने 3 साल पहले से तबला वादन की शुरुआत की थी और पिछले साल भी वह प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित किए थे। इस साल भी उन्होंने संभाग में पहला स्थान प्राप्त किया है और राज्य के लिए चयन हुआ है। अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से अभितांजल मिश्रा ने अपने सीधी जिले को एक अलग पहचान देते हुए अपने जिले का नाम रोशन किया है। अभितांजल मिश्रा को शुरुआत से ही संगीत का शौक होने के कारण आज ऐसी उपलब्धि मिल रही है। श्री गणेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल पडरा सीधी के कक्षा 8वीं के छात्र अभितांजल मिश्रा के बड़े भाई अंशुमन मिश्रा भी अच्छे हारमोनियम वादक हैं और गाते भी हैं।

दोनों भाई अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा के चलते मिश्रा बंधु के नाम से जाने जाते हैं। अभितांजल मिश्रा ने अपनी जीत का पूरा श्रेय अपने गुरुओं और माता-पिता को दिया है। उन्होंने बताया कि मैं जो भी हूं जिस मुकाम पर हूं, मैं अपनी माता और अपने पिता का बहुत आभारी हूं। उन्होंने ही हमें इस मुकाम पर पहुंचाया है। वह मूलतः अमहा सीधी के निवासी हैं। नवरात्रि तथा गणेश चतुर्थी में आचार्य कपिलमुनि शास्त्री के साथ वह मंचीय प्रोग्राम करते हैं और वाहवाही पाते हैं।

# धर्मांतरण के नाम पर प्रलोभन का हो रहा गोरखधंधा

### बीमारी दूर करने, भूत हटाने के नाम पर भी किया जा रहा गुमराह

**बहरी।** जिले के बहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मांतरण के नाम पर लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के लिए लालच देने की शिकायतें मिली हैं। इस मामले में इस मामले को लेकर बजरंग दल एवं अन्य संगठनों द्वारा भी ज्ञापन सौंपा गया है। इसके बाद भी ऐसे संगठन जो धर्म परिवर्तन करा रहे हैं उन पर कार्यवाही नहीं हो रही है।

इस मामले में देखा जाए तो धर्म परिवर्तन के नाम पर जो गोरखधंधा कर रहे हैं उस पर सत्ता एवं विपक्ष के नेताओं की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह कार्यवाही कराएं लेकिन उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं कराई जा रही है। जिस वजह से बहरी क्षेत्र में इस तरह की सर्वाधिक शिकायतें सुनने को मिल रही हैं। धर्म परिवर्तन के नाम पर बाबूलाल जायसवाल के खिलाफ लोगों ने शिकायतें किए हैं।

इस मामले में राजीव कुशवाहा निवासी ग्राम कुबरा ने कहा कि मेरी बुआ की उम्र लगभग 75 वर्ष है। बाबूलाल जायसवाल बहरी के द्वारा मेरी बुआ को ठीक करने का चैलेंज किया गया और मुझे बहकाया गया। मुझे लालच भी दी गई कि अगर ईसा मसीह को मानते हो और हर रविवार को चर्च में प्रार्थना करने आओगे तो आपकी बुआ की तबीयत ठीक हो जाएगी। इसके लिए आपको भगवान की पूजा प्रतिष्ठा बंद करनी पड़ेगी और प्रभु को मानना पड़ेगा। हर रविवार को चर्च में प्रार्थना करने आना पड़ेगा और बाबूलाल जायसवाल के द्वारा बीज बोने की भी बात की गई। जब हमारे द्वारा पूंछा गया की बी क्या चीज है तो उनके द्वारा बोला गया कि जैसे तुम लोग भगवान को चढ़ाते हो वैसे ही दक्षिणा देना पड़ेगा। जितना ज्यादा पैसा दोगे उतना ही फायदा प्रभु करेंगे। बाबूलाल जायसवाल के द्वारा घर पर जाकर झारफूंक भी की गई और घर के लोगों का कलवा एवं गले में जो पहने हुए थे उनको उतरवाया गया। इसके बाद मेरी बुआ की मृत्यु भी हो गई। जिसकी जानकारी हमारे द्वारा बजरंग दल एवं हिंदू जागरण मंच को दी गई।

**धर्म परिवर्तन करने को लेकर होनी चाहिए कार्यवाही: रितेश**

युवा समाजसेवी रितेश गुप्ता ने कहा कि बहरी में धर्मांतरण का एक मामला मेरे संज्ञान में भी आया है। जिसमें पता चला कि बाबूलाल जायसवाल नामक व्यक्ति ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया है। किसी व्यक्ति को धर्म परिवर्तन करना है तो इसके विधिक नियम होना चाहिए।

**वर्ष भर से चल रहा धर्मांतरण का खेल**

जिले के बहरी थाना अंतर्गत बहरी बाजार में बाबूलाल जायसवाल के द्वारा गरीब असहाय एवं अशिक्षित लोगों को बहला-फुसला कर एवं पैसे का लालच देकर उन्हें धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। जिस संबंध में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद एवं हिंदू जागरण मंच के द्वारा बहरी थाना में आवेदन दिया गया है और कार्यवाही की मांग की गई। वही बताया जा रहा है कि पिछले 1 वर्ष में लगभग सैकड़ों हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन कराया गया है।

**थाने में की गई शिकायत, होनी चाहिए कार्यवाही: विश्वरंजन**

सीधी, सिंगरौली विभाग के सेवा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद विश्व रंजन प्रताप सिंह ने कहा कि बहरी बाजार में बाबूलाल जायसवाल के द्वारा लोगों को बहला-फुसला कर उनके धर्म के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लोग अफवाह एवं अंधविश्वास में आकर अस्पताल नहीं जाते एवं धर्म परिवर्तन करने वाले इन्हें प्रेरित करते हैं। ऐसे में हिंदू धर्म के लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। हमारे संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा बहरी थाना में थाना प्रभारी को आवेदन पत्र दिए गए हैं और कार्यवाही की मांग की गई है।

**शिकायत की जानकारी मिली है, की जाएगी कार्यवाही: बैस**

इस मामले में राकेश बैंस थाना प्रभारी बहरी ने कहा कि इसकी शिकायतें हमें मिली हैं। इस मामले में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा दो आवेदन हमें प्राप्त हुए हैं। धर्मांतरण के संबंध में मामले की जांच कर यथा उचित कार्यवाही करवाएंगे।

**फूंक मारते ही कर देते हैं बेहोश**

बड़े से बड़े असाध्याय रोगों का बहरी मे बाबूलाल जायसवाल का इलाज करते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक फूंक मार कर लोगों को बेहोश कर देते हैं और फिर उनकी सारी परेशानियों को दूर कर देते हैं, ऐसा इनका दावा है। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ उसके बाद चारों तरफ इस बारे में चर्चा होने लगी। जानकारी लगते ही यह पता चला कि बाबूलाल जायसवाल क्रिश्चियन धर्म से संबंध रखते हैं। लोगों को अंधविश्वास का लालच देकर वे ठगने का काम करते हैं और पैसे भी एठते होते हैं। जानकारी लगते ही बजरंग दल और हिंदू संगठन थाने में पहुंचकर थाने का घेराव किया और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे दौर से गुजर रही दुनिया

एक तरफ दुनिया जलवायु संकट का सामना कर रही है, तो दूसरी तरफ विकसित देश अपने दायित्व से मुकरते दिख रहे हैं। हैरत है कि वे विकासशील देशों पर जिम्मेदारी थोपते हैं, वहीं वे सर्वाधिक ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी करते हैं। इस तरह विश्व का जलवायु संकट दूर करने का संकल्प हर बार अधूरा रह जाता है। यही वजह है कि दुनिया का एक बड़ा हिस्सा जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान जिस तरह बढ़ रहा है, वह केवल गरीब देशों की समस्या नहीं हैं। इसकी आंच विकसित देशों तक भी पहुंच रही है। बावजूद इसके बाकू में आयोजित 'सीओपी-29' शिखर सम्मेलन के पहले सप्ताह का कोई हासिल नहीं है, तो यह चिंता की बात है। इस पर भारत सहित विकासशील देशों की निराशा स्वाभाविक है। यह समझना मुश्किल है कि इस मुद्दे पर न्यायसंगत जिम्मेदारी लेने के लिए बड़े देश क्यों तैयार नहीं है? सभी जानते हैं कि वित्तीय और प्रौद्योगिकी की मदद के बिना विकासशील देश अपने बूते जलवायु संकट से नहीं निपट सकते। जिन देशों के पास सर्वाधिक क्षमता और संसाधन है, उनकी बेरुखी डराती है। आज जरूरत इस बात की है कि चरम जलवायु परिवर्तन की ओर बढ़ रही दुनिया जल और पर्यावरण को बचाने के लिए एकजुट हो। जलवायु सम्मेलन यानी 'सीओपी-29' का किसी ठोस और नतीजा देने वाले निष्कर्ष की ओर न बढ़ना यह दर्शाता है कि विकसित और विकासशील देशों में किसी मुद्दे पर अभी एकराय नहीं है। गंभीरता से चर्चा न होने पर भारत ने सवाल उठाया है। इसके समांतर डोनाल्ड ट्रंप की सत्ता में दोबारा वापसी के बाद आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका जलवायु संकट से निपटने की अपनी प्रतिबद्धताओं से पीछे हट सकता है। दरअसल, ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन को ही धोखा करार दिया है और कहा है कि वह पेरिस समझौते से अमेरिका को बाहर निकालेंगे। अगर अमेरिका इस रुख पर कायम रहता है, तो इस सम्मेलन का क्या औचित्य रहेगा?

**योजना के अंतर्गत वितरित की जा रही राशि समय पर जरुरतमंद महिलाओं के खातों में पहुँचती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं इसके क्रियान्वयन पर निगरानी रखकर मानिटरिंग करते हैं। यही वजह है कि लाड़ली बहना योजना सफलता अर्जित कर प्रदेश के लोगों का विश्वास जीत चुकी है। मुख्यमंत्री इस योजना की सफलता और परिणाम को लेकर चिंतित रहते हैं। उनकी चिंता उनके वक्तव्यों में स्पष्ट रूप से झलकती भी है। कह सकतें हैं कि इस योजना ने प्रदेश की महिलाओं के जीवन में आशा और विश्वास के प्रकाश की किरणें बिखेरी हैं। यह मध्यप्रदेश का सौभाग्य है कि सरकार महिला सशक्तिकरण, बालिका प्रोत्साहन तथा सुरक्षा पर अन्य राज्यों के मुकाबले अधिक व्यय कर रही है। प्रदेश की महिलाओं की समृद्धि, उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार से जोड़ने के लिये सारे जतन किये जा रहे हैं।**

# लाड़ली बहना योजना: महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम

(निलय श्रीवास्तव)

प्रखर चिंतक स्वामी विवेकानंद कहते थे कि जहाँ बेटियों की शिक्षा पूरी होती है, वहाँ का समाज विकसित होता है। जहाँ महिलाओं का सम्मान होता है, वहाँ देवता वास करते हैं। विवेकानंद जी हमेशा ही नारी को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की पहल करते और कहते थे कि महिला को सामाजिक और आर्थिक रूप से इतना सहारा दिया जाये जिससे वह स्वयं के जीवन का निर्माण कर सके। विवेकानंद का यह प्रयास आगे चलकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। विशेषतः मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण पर चिंतन मनन किया गया। अब मध्यप्रदेश अनुमानतः देश का पहला ऐसा राज्य बन चुका है जहाँ बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा जा रहा है। प्रसंगवश बता दें कि लाड़ली बहना योजना की सफलता इस बात से प्रमाणित होती है कि उसका अनुसरण दूसरे राज्य भी कर रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार ने इसे प्रमुखता से अपनाया है। कुछ अन्य राज्य भी इस योजना को अपनाने पर गहन विचार कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में पहले इस योजना को बतौर प्रयोग के रुप में लागू किया गया था लेकिन महज डेढ़ साल से भी कम समय में इसे मिली अपार लोकप्रियता, सराहना तथा विश्वास ने चमत्कार सा कर दिखाया और उन लोगों को सीधा जवाब मिल गया जो इसके लागू होने के आरम्भ में कुशंका पैदा कर रहे थे। योजना के अंतर्गत वितरित की जा रही राशि समय पर जरुरतमंद महिलाओं के खातों में पहुँचती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं इसके क्रियान्वयन पर निगरानी रखकर मानिटरिंग करते हैं । यही वजह है कि लाड़ली बहना योजना सफलता अर्जित कर प्रदेश के लोगों का विश्वास जीत चुकी है। मुख्यमंत्री इस योजना की सफलता और परिणाम को लेकर चिंतित रहते हैं। उनकी चिंता उनके




वक्तव्यों में स्पष्ट रूप से झलकती भी है। कह सकतें हैं कि इस योजना ने प्रदेश की महिलाओं के जीवन में आशा और विश्वास के प्रकाश की किरणें बिखेरी हैं।यह मध्यप्रदेश का सौभाग्य है कि सरकार महिला सशक्तिकरण, बालिका प्रोत्साहन तथा सुरक्षा पर अन्य राज्यों के मुकाबले अधिक व्यय कर रही है। प्रदेश की महिलाओं की समृद्धि, उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार से जोड़ने के लिये सारे जतन किये जा रहे हैं। प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव स्वयं इस दिशा में प्रयासरत रहते हैं। वे समय-समय पर काम की समीक्षा कर आवश्यक धन राशि जुटाने के लिये प्रयत्नशील रहते हैं। बेटियों के स्वावलम्बन में वे कोई कमी नहीं आने देना चाहतें। सभी जानते हैं कि विगत् 9 नवंबर को मध्यप्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1573 करोड़ रूपयों की राशि का अंतरण किया गया। यह सिलसिला पिछले लगभग डेढ़ साल से निरंतर चल रहा है। लाड़ली बहना योजना से पूर्व लाड़ली लक्ष्मी, कन्यादान तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनायें महिला सशक्तिकरण की दिशा में कारगर साबित हुयीं हैं। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से सुखद परिणाम निकले और महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक स्थिति में तेजी से बदलाव देखे गये। सामाजिक विषयों पर पैनी नजर रखने वालों का स्पष्ट मानना है कि मध्यप्रदेश में पिछले कुछ वर्षों को देखा जाये तो महिलाओं के जीवन में व्यापक स्तर पर बदलाव आये हैं, जागरुकता भी बढ़ी है। यहाँ बता दें कि किसी भी प्रदेश का विकास महिलाओं की समृद्धि के बिना अधूरा है। महिलाओं के आत्मनिर्भर होने से ही प्रदेश की तरक्की सुनिश्चित मानी जाती है।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव धर्म, आध्यात्म में गहन आस्था रखने के साथ-साथ अपने प्रदेश के लोगों से बेहद लगाव रखते हैं। उनके अल्प समय के कार्यकाल में प्रदेश में अनेक दुर्लभ और असम्भव काम हुए हैं। उनके ही प्रयासों का सुफल परिणाम है कि मध्यप्रदेश में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना निर्धारित किया गया है। पूर्व में आरक्षण 33 प्रतिशत था। इससे प्रदेश भर की महिलायें लाभांवित होंगीं। महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण देकर मध्यप्रदेश देश के अन्य राज्यों के लिये नजीर बन गया है। आरक्षण से उन बेटियों को भी लाभ मिलेगा जो स्वयं के संसाधनों से पढ़ायी- लिखायी कर रोजगार के लिए संघर्ष करती हैं। इसके सूत्रधार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं। यहाँ स्पष्ट कर दें कि अब समय आ गया है जब सरकार के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ाना होगी। जनसहभागिता की भी दरकार है। क्योंकि बिना जन सहयोग के किसी भी काम के सुखद परिणाम मिलना मुश्किल है। वहीं सामाजिक संस्थाओं को भी प्रदेश के विकास में सहभागी बनते हुए संचार संसाधनों के माध्यम से लोगों को जागरुक करना होगा। ध्यान रहे कि हमारे प्रदेश की आबादी का एक तिहाई हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है। वहाँ की महिलाओं तथा बेटियों को उनके अधिकारों के प्रति सचेत करना नितांत आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकायें परिश्रमी और प्रतिभाशाली होती हैं। उन्हें प्रोत्साहन के साथ अवसर मिले तो वह अपने पैरों पर खड़ी होकर स्वावलम्बी बन सकती हैं। सरकारी नौकरियों में उनको भी भरपूर लाभ मिलना चाहिये। याद रहे प्रदेश सबका है, सबके हित सर्वोपरि हैं। सबका साथ,सबका विकास की थीम पर हमको आगे बढ़ना होगा। तभी हम स्वर्णिम मध्यप्रदेश की अवधारणा को पूरा कर सकेंगें।

# रैगिंग के नाम पर कब तक जूनियर छात्रों के जीवन से होगी खिलवाड़?

मनोज कुमार अग्रवाल

आखिर यह रैगिंग कब तक छात्रों के जीवन पर भारी पड़ेगी? दो दिन पहले एक प्रतिभावान एमबीबीएस छात्र को लगातार तीन घंटे तक नाचने के लिए मजबूर करने पर छात्र की हार्ट अटैक से मौत हो गई। यह हृदय विदारक घटना रैगिंग के कलंक के कुप्रभाव को समझने के लिए काफी है। यह बेहद गंभीर दुःखद, निंदनीय और शर्मनाक बात है कि देश में तमाम कड़े कानूनों और सरकारों की कठोर नीतियों के बावजूद शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। देश के किसी न किसी कॉलेज और विश्वविद्यालयों से रैगिंग की घटनाएं सामने आती हीं रहती हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी रैगिंग पर पूर्ण प्रतिबंध का कानून लागू किया है, मगर देश में रैगिंग के बढ़ते मामलों से यह कानून मजाक बनता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों के भीतर देश में रैगिंग की कई घटनाएं सामने आयी हैं। ताजा घटनाक्रम में गुजरात और तमिलनाडु में रैगिंग के मामले सामने आए हैं। दुःखद बात है कि गुजरात के पाटन में रैगिंग के कारण एमबीबीएस के छात्र की मौत हो गई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि 18 साल के जूनियर छात्र को लगातार तीन घंटे तक प्रताड़ित किया गया था। होस्टल में सीनियर्स द्वारा रैगिंग के दौरान कथित तौर पर उसे तीन घंटे तक खड़ा रखा गया। धारपुर मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्र अनिल मेथानिया खड़े रहने के कारण बेहोश हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अनिल की मौत के बाद उसके परिवार ने वरिष्ठ छात्रों पर रैगिंग का आरोप लगाया और दावा किया कि इसी वजह से उसकी मौत हुई। धारपुर मेडिकल कॉलेज के डीन हार्दिक शाह ने पुष्टि की कि अनिल बेहोश हो गया था। उन्होंने जानकारी दी है कि पूछताछ के दौरान छात्रों ने खुलासा किया कि घटना के समय वास्तव में परिचयात्मक सत्र चल रहा था। कॉलेज ने कार्रवाई करते हुए 15 छात्रों को सस्पेंड कर दिया है।

उधर, तेलंगाना में एक टीचर ने मामूली सी स्टूडेंट के साथ मारपीट की और नाई की दुकान पर ले जाकर उसके बाल मुंडवा दिए। इस घटना की भी जांच के आदेश दिए गए हैं। इस संबंध में पुलिस में भी शिकायत दी गई है। पिछले सप्ताह ही खुलासा हुआ है कि उत्तर प्रदेश के बाराबंकी के एक नर्सिंग कॉलेज की छात्रा ने अपनी जान दे दी थी। यह घटना 27 जुलाई लाई की थी अब इस पर कई सच सामने आये हैं। नोएडा के एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रावास में कनिष्ठ विद्यार्थियों की पिटाई की गई थी। विचित्र है कि यह मामला एक महीने तब तक दबा रहा, जब तक कि एक पीड़ित छात्र ने थाने में शिकायत नहीं दर्ज कराई। स्पष्ट है कि उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के विरुद्ध सख्त नियमों और अदालतों के साफ दिशा- निर्देशों के बावजूद नए विद्यार्थियों को प्रताड़ित करने या उनके खिलाफ हिंसा की खबरें अक्सर आती रहती हैं। कई बार ऐसा लगता है कि सख्त नियम-कायदे के बावजूद रैगिंग करने वाले युवाओं के भीतर कानून का भी न कोई डर है, न उन्हें अपने भविष्य की कोई चिंता है। निचली कक्षाओं के विद्यार्थियों पर रौब जमाना या किसी को प्रताड़ित करना यह बताता है कि कुछ युवाओं में दमन की कुंठित मानसिकता काम करती रहती है। यही कारण है कि रैगिंग रोकने के लिए अलग-अलग राज्य सरकारों ने रैगिंग को लेकर अपने नियम-कानून बनाए हैं। इनमें कारावास से लेकर अर्थ दंड तक के सख्त प्रावधान किए गए हैं।

अगर देखा जाए तो रैगिंग की समस्या उच्च शिक्षा जगत से जुड़ी अत्यंत संवेदनशील, सामाजिक समस्या है, जिससे उच्च शिक्षा जगत को पूर्ण रूप से मुक्ति नहीं मिल पाई है। इस समय स देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद देश के अनेक उच्च शिक्षा संस्थान इससे मुक्त नहीं हो पाए हैं। रैगिंग एक ऐसा शब्द है जो हर साल कॉलेज और यूनिवर्सिटी में क्लास शुरू होते ही सुनाई देने लगता है। दुनियाभर में। में हर साल लाखों स्टूडेंट्स को इसका सामना करना पड़ता है। रैगिंग को दुनिया में अलग-अलग नामों से । पहचाना जाता है। इसको हेजिंग, फेगिंग, बुलिंग, प्लेजिंग और हॉर्स प्लेइंग के नामों से भी जाना जाता है। रैगिंग कई कारणों से हो सकती है, जैसे आपकी त्वचा, नस्ल, धर्म, जाति, प्रजातीयता, जेंडर, यौनिक रुझान, रूप-रंग, राष्ट्रीयता, क्षेत्रीय मूल, आपकी बोली, जन्मस्थान, गृह स्थान या आर्थिक पृष्ठभूमि के कारण इसमें शामिल कारण हैं। रैगिंग कई अलग-अलग रूप ले सकती है। । उदाहरण के लिए, यदि कोई छात्र किसी अन्य छात्र को उसके काम करने के लिए धौंस दिखाता है या किसी छात्र को कॉलेज समारोह जैसी परिसर की गतिविधियों से बाहर रखा जाता है, तो उसे रैगिंग माना जाता है। मानसिक बोट, शारीरिक दुर्व्यवहार, भेदभाव, शैक्षणिक गतिविधि में व्यवधान आदि सहित छात्रों के खिलाफ रैगिंग के विभिन्न रूपों को कानून दंडित करता है। 90 के दशक में भारत में रैगिंग ने विकराल रूप ले लिया था। इसके बाद 2001 में सुप्रीम कोर्ट ने पूरे भारत में रैगिंग पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके साथ ही यूजीसी ने भी रैगिंग के खिलाफ सख्त नियम बनाए हैं।

रैगिंग पर कुछ शिक्षण संस्थानों के अपने नियम हैं। उदाहरण के लिए, ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के पास रैगिंग पर दिशा-निर्देशों की अपनी एक नियमावली है। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में रैगिंग को प्रतिबंधित करने व रोकने के लिहाज से विभिन्न राज्यों ने कानून पारित किए हैं, जो केवल उन संबंधित राज्यों में ही लागू होते हैं। यूजीसी के मुताबिक, एक जनवरी 2023 से 28 अप्रैल 2024 तक अलग-अलग यूनिवर्सिटी और उच्च शिक्षा संस्थानों से छात्रओं की 1240 शिकायतें मिली हैं, जिनमें से 1113 यानी 89.76 फीसद का निपटारा किया गया है। शिकायतों का निपटारा सिर्फ काफी नहीं होगा, कसूरवारों को सख्त सजा ज्यादा जरूरी होनी चाहिए। एक सर्वे के अनुसार तो देश के अधिकांश कॉलेजों में करीब 40 फीसदी छात्रों को किसी न किसी रूप में रैगिंग या सीनियर छात्रों द्वारा धमकाने का सामना करना पड़ता है। अभिभावक अपने बच्चों को उनका भविष्य संवारने के लिए शिक्षा संस्थानों में भेजते हैं। मगर यह शिक्षा संस्थान रैगिंग के कारण उनके बच्चे के लिए मौत के कारण बनते हैं। यह अत्यंत हृदयविदारक है। इसलिए देश के सभी राज्यों में रैगिंग को लाकर जीरो टोलरेंस की नीति पर काम करना चाहिए।

सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को, छात्रों के प्रवेश के समय रैगिंग रोकने के उपाय करने चाहिए। उच्च शिक्षा संस्थानों में रैगिंग के खतरे को रोकने के लिए यूजीसी विनियमनों 2009 (यूजीसी गाइडलाइंस) को मुद्रित किया जाना चाहिए। साथ ही सभी महत्वपूर्ण पदाधिकारियों, जैसे कि प्रमुख, हॉस्टल वार्डन, आदि की जानकारी, साथ ही एंटी रैगिंग हेल्पलाइन का नंबर भी छपना चाहिए।

## वर्ग पहेली 5558

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | | | ■ | |
| 12 | | | ■ | | | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | ■ | 15 | | |
| ■ | 16 | | | 17 | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 |
| | ■ | 22 | | ■ | 23 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रथम हिंदी साहित्यकार (8)
7. ताकत सहित, बलवान, ताकतवर (3)
8. आपस में गुथी एवं फैली हुई चीजों का विस्तार (2)
9. निग्रह, दो की संख्या, मृत्युदेव (2)
11. रिपोर्ट का अपभ्रंश, फिसलाहट (3)
12. सिख संप्रदाय के आदि गुरू (3)
13. एक दिवंगत हास्य अभिनेता जिन्होंने (1937 से 1989 के बीच 180 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया) (2)
15. युद्ध, लड़ाई, रण, संग्राम (3)
16. विशाल भूभाग में फैलाना (4)
18. इंद्रधनुष में रंगों की संख्या (2)
19. नतीजा, परिणाम, सुख-दुख का भोग (2)
20. जलीय अंश, शोरबा (2)
22. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
23. कार्यालय, ऑफिस (3)

**ऊपर से नीचे**
1. सुलोचना, सुंदर नेत्रों वाली (4)
2. अनिष्ट का डर या खौफ, कष्ट (2)
3. संख्या सूचक अंक, अदद, संख्या (3)
4. गिरोह का मुखिया (4)
5. पांच उंगलियों सहित हथेली का अगला भाग (2)
6. ख्वाहिशमंद, इच्छा रखने वाला (5)
10. मन के अनुसार, मन के अनुकूल (5)
13. आने-जाने का भाव या क्रिया (5)
14. शिष्टता, नम्रता, यह धर्मेंद्र के साथ हेमामालिनी की पहली फिल्म थी (4)
17. कमल, लोहे का अर्द्धचंद्राकार टुकड़ा, कुमुद आदि फूलों की लंबी व खोखली नली या डंडी (2)
18. परस्पर साथ रहने वाला व्यक्ति, मित्र, सखा (2)
21. महाशय या श्रीमान का अंग्रेजी में यह कहते है (2)
20. भिन्न का नीचे का अंक, प्रत्येक (2)
22. बुनियाद, नींव, जड़ (2)

### वर्ग पहेली 5557 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ई | ■ | ■ | गं | ध | ■ | आ |
| ह | ■ | म | ■ | ड | र | ■ | ज |
| ज | न | क | ■ | क | ना | ग | त |
| ■ | दा | स | ती | ■ | ■ | वा | क |
| ना | र | द | ■ | स | म | क्ष | ■ |
| जु | ■ | ■ | अ | त | ल | ■ | कु |
| क | ह | र | वा | ■ | मा | मू | ली |
| ता | र | ■ | म | ■ | स | ल | ■ |

# जवान भारत के आगे बूढ़ा चीन टिक नहीं पाएगा ज्यादा दिन,

(अमित शुक्ला)

भारत 2023 से 2050 के बीच ग्लोबल वर्कफोर्स ग्रोथ में 20 फीसदी का योगदान देगा। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। 2030 तक भारत में उच्च आय वाले परिवारों की संख्या तीन गुनी होने की उम्मीद है। मध्यम आय वाले परिवारों की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। 2030 तक कम आय वाले परिवारों की हिस्सेदारी घटकर 15 फीसदी रह जाएगी। भारत जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा कामकाजी आबादी वाला देश होगा। एंजेल वन वेल्थ की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इसके मुताबिक, 2023 से 2050 के बीच दुनिया में जितने नए लोग कामकाजी उम्र के होंगे, उनमें से 20त्न हिस्?सेदारी भारत की होगी। दूसरी तरफ, चीन में काम करने वाले लोगों की संख्या में गिरावट देखने को मिलेगी। रिपोर्ट में भारत में बढ़ती आमदनी और लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार पर भी रोशनी डाली गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2030 तक भारत में अमीर परिवारों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। वहीं, मध्यम वर्ग के परिवारों की संख्या दोगुनी होने के आसार हैं। इससे गरीब परिवारों की संख्या में भी भारी कमी आएगी। 2018 में जहां 43 प्रतिशत परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते थे, वहीं 2030 तक यह संख्या घटकर 15 प्रतिशत रह जाएगी।

**अन्य एशियाई देशों के मुकाबले भारत पर कम कर्ज:** रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मजबूत घरेलू बैलेंस शीट के चलते भारत प्रति व्यक्ति आय के मामले में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बनने की ओर अग्रसर है। इसमें जिक्र किया गया है कि जीडीपी के प्रतिशत के रूप में भारत का घरेलू कर्ज अपने एशियाई समकक्षों की तुलना में बहुत कम है, जो मजबूत इनकम ग्रोथ और फाइनेंशियल हेल्थ को दर्शाता है। भारत की युवा आबादी भी उसकी ताकत है। 29 साल की औसत उम्र के साथ भारत दुनिया में सबसे कम 'डिपेंडेंसी रेश्यो' वाले देशों में से एक है। 'डिपेंडेंसी रेश्यो' का मतलब है कि हर कामकाजी व्यक्ति पर कितने लोगों की जिम्मेदारी है। वहीं, चीन और यूरोप जैसे देशों में यह अनुपात बढ़ रहा है, जो इन देशों के लिए आर्थिक चुनौतियां पैदा कर रहा है।

**गैर-जरूरी चीजों पर तेजी से बढ़ रहा खर्च:** रिपोर्ट में बढ़ती आमदनी का उपभोग के तरीकों पर पड़ने वाले असर का भी जिक्र किया गया है। भारत में परिवारों की संख्या आबादी की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। इससे जरूरी चीजों पर होने वाले खर्च की तुलना में गैर-जरूरी चीजों पर खर्च तेजी से बढ़ रहा है। यह दर्शाता है कि भारतीय परिवार अब महंगी चीजें खरीदने में सक्षम हैं। साथ ही उनकी जीवनशैली में सुधार हो रहा है। टैक्स के मोर्चे पर भारत में इंडिविजुअल इनकम टैक्स कलेक्शन वित्तीय वर्ष 2010-11 से लगातार कॉर्पोरेट कर संग्रह से ज्यादा रहा है। यह अर्थव्यवस्था में व्यक्तियों के बढ़ते योगदान को दर्शाता है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका हर रुका कार्य संपन्?न होने से मन में प्रसन्?नता बनी रहेगी। आपके कोष में वृद्धि होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी और भाग्?य का पूरा साथ मिलेगा।

### वृष
आज भाग्?य साथ देगा और करियर के मामले में आपको शुभ समाचार प्राप्?त होने से आपको खुशी होगी। आपको फिजूल के खर्च और विवादों से दूर रहने की सलाह है। अपने काम पर फोकस करें और जरूरतमंद लोगों की मदद करें।

### मिथुन
आज दिन करियर में बाधा उत्?पन्?न करेगा और आपके बनते कार्य? बिगड़ सकते हैं। हर कार्य को बेहद सावधानी से करें। मौसम की मार आपको झेलनी पड़ सकती है। आपको बड़ी मात्रा में धन हाथ में आने से गिरा हुआ मनोबल कम सही होगा।

### कर्क
आज भाग्?य का साथ मिलेगा और आपकी मान प्रतिष्?ठा में वृद्धि होने से मन प्रसन्?न होगा। शत्रुओं का मनोबल गिरेगा। घरेलू एवं अच्छे गुण वाले लोगों से मेल मिलाप बढ़ेगा। व्यवसाय में भी नौकरों व भागीदारों से अच्छा वातावरण मिलेगा।

### सिंह
आज भाग्?य साथ देगा और आपकी तरक्?की होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्?य का पूरा साथ मिलेगा। भाग्य का उदय होने से आपको धन की प्राप्ति होगी। शत्रु चिंताओं का दमन होगा और आपकी तरक्?की होगी। प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी आपके कार्य बिना बाधा के पूर्ण होते जाएंगे।

### कन्या
आज का दिन लाभदायक रहेगा। आपको रुकी हुई संपत्ति मिलने के योग हैं और आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी काम में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। ज़िम्मेदारियां बढ़ने से थोड़ी परेशानी हो सकती है, लेकिन घबराएं नहीं और अपने काम पर ध्यान दें।

### तुला
आज आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग आपको हर काम में मिलेगा और ऑफिस के मामले में आपके कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार में किए गए प्रयास सफल होंगे और मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज करियर में लाभ होगा और आपका दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा। दूसरों की मदद करने से आपको जो संतुष्टि मिलेगी, उसकी तुलना किसी और चीज़ से नहीं की जा सकती। ऑफिस में आपके अधिकार बढ़ने से कुछ सहकर्मी आपसे जलन महसूस कर सकते हैं।

### धनु
आज आप अपने विरोधियों पर विजय प्राप्त करेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामले में फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। इस दौरान आपकी आमदनी अच्छी रहेगी। कार्यक्षेत्र में भी यह समय आपके लिए काफी अनुकूल साबित होने वाला है। आपकी तरक्?की होगी और करियर में नए अवसर मिलने के योग बन रहे हैं।

### मकर
आज दिन शुभ फलदायी रहने वाला है। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा और दूसरों की मदद के लिए भी आगे रहेंगे। कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा करेंगे, जिससे आपके कंधों का बोझ भी हल्का होगा। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों द्वारा कोई काम सौंपा जा सकता है।

### कुंभ
आज नौकरीपेशा जातकों को करियर में नए और अच्छे अवसर दिलाने वाले हैं। इस दौरान आप अपने बच्चों को खुश रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हालांकि, इस अवधि में जो लोग खुद का व्यापार करते हैं उन्हें अचानक ही कोई बहुत बड़ा धन लाभ मिलेगा।

### मीन
आज मन धार्मिक कार्यों में लगा रहेगा। पूजा-पाठ और मांगलिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। इससे आपको मानसिक संतुष्टि मिलेगी। आपके फैसलों की सराहना होगी। कोई सरकारी नौकरी मिल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने 2 साल बढ़ाई रिटायरमेंट की उम्र, अब 62 में पूरी होगी नौकरी?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने का कोई फैसला नहीं लिया है।



हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही पोस्ट में आयु सीमा बढ़ाए जाने का दावा किया जा रहा है। जांच में यह दावा गलत पाया गया है। इससे पहले भी खबरें आ चुकी हैं कि सरकार के पास केंद्रीय कर्मचारियों की रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। रिटायरमेंट आयु में 2 वर्ष की बढ़ोतरी, कैबिनेट बैठक में मिली मंजूरी के शीर्षक से एक लेटर वायरल किया जा रहा है। इसमें दावा किया जा रहा है कि योजना का नाम रिटायरमेंट आयु बढ़ोतरी योजना है, जिसके तहत 1 अप्रैल 2025 से रिटायरमेंट की उम्र में 2 साल की वृद्धि कर 62 साल कर दिया गया है। दावा किया जा रहा है कि इसके लाभार्थी सभी केंद्रीय कर्मचारी होंगे। पीआईबी यानी प्रेस इन्फर्मेशन ब्यूरो ने इस दावे को फर्जी करार दिया है। पीआईबी की तरफ से मंगलवार को जानकारी दी गई, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे खबरों में दावा किया जा रहा है कि भारत सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु में 2 साल की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यह दावा फर्जी है। भारत सरकार ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है। साथ ही हिदायत दी गई है कि बगैर सत्यता जांचे खबरें साझा न करें। अगस्त 2023 में लोकसभा में रिटायरमेंट की उम्र को लेकर सवाल पूछा गया था कि क्या सरकारी कर्मचारियों की रिटायरमेंट की उम्र में बदलाव का कोई प्रस्ताव है या नहीं। इसपर केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह की तरफ से जवाब दिया गया था। उन्होंने कहा था, केंद्रीय कर्मचारियों की रिटायरमेंट की उम्र के संबंध में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

### पीएम आवास योजना : सिर्फ महिलाएं होंगी घर की मालिक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पीएम आवास योजना ग्रामीण के दूसरे चरण में सरकार बड़े बदलाव की तैयारी में है। खबर है कि केंद्र यह सुनिश्चित करने में जुटा हुआ है कि घर का मालिक सिर्फ महिला सदस्य ही हो। फिलहाल, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर सरकार की ओर से कुछ नहीं कहा गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत साल 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। रिपोर्ट के अनुसार, एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है कि महिलाओं पर विशेष ध्यान देने के चलते योजना में स्वीकृत 74 प्रतिशत घरों का स्वामित्व अकेली महिलाओं या संयुक्त रूप से महिलाओं के पास है। अखबार से बातचीत में उन्होंने कहा, दूसरे चरण का उद्देश्य महिलाओं को 100 फीसदी स्वामित्व प्रदान करना है। खास बात है कि पीएम आवास योजना ग्रामीण में दो विकल्प हैं, जिनमें महिलाओं को स्वामित्व या संयुक्त स्वामित्व शामिल हैं। घरों के रजिस्ट्रेशन में सिर्फ पुरुषों को अधिकार देने का विकल्प नहीं है। खबर है कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय नया सर्वे आवास प्लस 2024 शुरू करने जा रहा है, ताकि दूसरे चरण के लाभार्थियों की पहचान की जा सके। इसमें सेल्फ सर्वे का भी प्रावधान होगा। इसकी मदद से घर के सदस्यों की शिकायत को दूर करना है कि सर्वे करने वालों ने उन्हें छोड़ दिया है। पीएमएवाई-जी के तहत अतिरिक्त दो करोड़ आवास के निर्माण को मंजूरी दिए जाने के बाद अब अद्यतन मानदंडों के अनुसार सर्वेक्षण किया जाएगा और लाभार्थियों की एक नई सूची बनाई जाएगी, जिससे पहली बार इस योजना में नामांकन के इच्छुक लोगों को 'स्व-सर्वेक्षण' की अनुमति मिलेगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय के एक सूत्र के अनुसार, पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पहली बार सर्वेक्षणकर्ताओं और सर्वेक्षण किए जाने वाले लोगों, दोनों के लिए 'चेहरे की पहचान' तकनीक का उपयोग किया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, योजना की शुरूआत के बाद से पीएमएवाई-जी के तहत 2.67 करोड़ आवास का निर्माण किया गया है।

### देवरानी या जेठानी पर भी चल सकता है दहेज उत्पीड़न का केस : हाईकोर्ट

**तिरूअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल हाईकोर्ट ने हाल ही में एक केस पर फैसला सुनाते हुए कहा कि यदि पति या उसके परिवार के सदस्य पत्नी का बॉडी शेमिंग करते हैं, तो यह भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत अपराध की श्रेणी में आएगा। न्यायमूर्ति ए बदरुद्दीन ने कहा कि जानबूझकर किए गए ऐसे सभी कृत्य जो महिला को आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर सकते हैं या उसके जीवन, अंग या स्वास्थ्य (मानसिक या शारीरिक) को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं, वह क्रूरता के रूप में माना जाएगा। इस मामले में पति की भाई की पत्नी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ धारा 498ए के तहत शुरू की गई कार्यवाही को रद्द करने की मांग की थी। उनका मुख्य तर्क यह था कि चूंकि वह पति के बड़े भाई की पत्नी हैं तो वह धारा 498 के तहत रिश्तेदार के दायरे में नहीं आती हैं। उनकी दलील थी कि इस धारा में रिश्तेदार का अर्थ केवल माता-पिता, बच्चे, भाई-बहन और पति या पत्नी से है। उन्होंने इस तर्क को सुप्रीम कोर्ट के उ. सुवेथा बनाम राज्य और अन्य मामले के निर्णय के आधार पर प्रस्तुत किया। हालांकि हाईकोर्ट ने कहा कि इस केस में भाई की पत्नी का मुद्दा नहीं था।

# अब श्रीभूमि कहलाएगा असम का करीमगंज जिला, आजादी के बाद कई दिन तक फहरा था पाकिस्तानी झंडा

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम कैबिनेट ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बांग्ला-बहुल बराक घाटी क्षेत्र के करीमगंज जिले का नाम बदलकर 'श्रीभूमि' करने का फैसला किया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इस फैसले को रवींद्रनाथ टैगोर के विजन को सम्मानित करने और क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने का प्रयास बताया। मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, करीब 100 साल पहले, कवीगुरु रवींद्रनाथ टैगोर ने आधुनिक करीमगंज जिले को 'श्रीभूमि'– मां लक्ष्मी की भूमि–के रूप में वर्णित किया था। आज असम कैबिनेट ने इस क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया है।

**जिले की पुरानी पहचान लौटाने की कोशिश :** सरमा ने कहा कि यह कदम असम के दक्षिणी जिले की पुरानी गरिमा बहाल करने के लिए उठाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और महत्व को न दर्शाने वाले नामों को बदलने की प्रक्रिया जारी रखेगी। मुख्यमंत्री ने बताया, करीमगंज नाम न तो असमिया और न ही बांग्ला शब्दकोशों में पाया जाता है, जबकि श्रीभूमि का उल्लेख और अर्थ दोनों में पाया जाता हैं।

**करीमगंज का ऐतिहासिक संदर्भ :** करीमगंज का इतिहास ब्रिटिश शासनकाल से जुड़ा है। 1878 में इसे सिलहट जिले के अंतर्गत एक उपमंडल के रूप में स्थापित



किया गया था। 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान सिलहट जिला पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) को सौंप दिया गया था, लेकिन करीमगंज उपमंडल के तीन और आधे थाना क्षेत्र (रताबाड़ी, बदरपुर, पाथरकांडी और करीमगंज का एक हिस्सा) भारत में शामिल किए गए। करीमगंज को 1 जुलाई 1983 को एक स्वतंत्र जिला बना दिया गया। 2011 की जनगणना के अनुसार, करीमगंज जिले की जनसंख्या 12 लाख से अधिक है।

**स्थानीय प्रतिक्रिया: खुशी और गर्व का माहौल :** कैबिनेट के इस फैसले के बाद जिले में उत्सव का माहौल देखा गया। स्थानीय इतिहासकारों ने बताया कि रवींद्रनाथ टैगोर ने 19 नवंबर, 1919 को करीमगंज का दौरा किया था और उस समय उन्होंने इस स्थान को 'श्रीभूमि' कहा था। उन्होंने कहा, 105 साल बाद, असम सरकार ने यह ऐतिहासिक फैसला लिया है और हम इसके लिए बेहद खुश हैं। पाथरकांडी के विधायक कृष्णेंदु पॉल ने इस कदम को सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान बताते हुए कहा कि यह फैसला इस क्षेत्र के लोगों को गर्व और पहचान का एहसास कराएगा।

**फैसले पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं :** असम के सबसे बड़े बंगाली सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन बराक उपत्यका बंगा साहित्य ओ संस्कृति सम्मेलन ने इस निर्णय का स्वागत किया। संगठन के प्रतिनिधि सब्यसाची रॉय ने कहा, टैगोर ने यहां आकर हमारे क्षेत्र को श्रीभूमि कहा था। यह नाम हमारे क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को सटीक रूप से व्यक्त करता है। उन्होंने मंगलवार को एचटी को बताया, टैगोर 105 साल पहले हमारे यहां आए थे और बंगाल के विभाजन के कारण वे बहुत दुखी थे। उस भावना से प्रेरित होकर उन्होंने सिलहट जाकर एक कविता लिखी और श्रीभूमि शब्द का उल्लेख किया। हमें खुशी है कि सदियों बाद हमारी भूमि को एक उपयुक्त नाम मिला है।

**पाकिस्तानी झंडे लहरा रहे थे :** 15 अगस्त 1947 को जब पूरा भारत आजादी का जश्न मना रहा था, तब असम के करीमगंज के 709 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पाकिस्तानी झंडे लहरा रहे थे। उस क्षेत्र के कुछ हिस्सों ने उस साल 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाया, जबकि कुछ तब तक भ्रमित रहे जब तक कि ब्रिटिश सरकार ने 17 अगस्त को इसे भारतीय क्षेत्र घोषित नहीं कर दिया। रॉय एक शोधकर्ता हैं और उन्होंने इमिग्रेशन, सिटिजनशिप एंड असम नामक एक किताब प्रकाशित की है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत का झंडा पहली बार 17 अगस्त 1947 को करीमगंज में फहराया गया था। उससे पहले तीन दिनों तक करीमगंज के कई हिस्सों में पाकिस्तान का झंडा फहराया गया था। उनके अनुसार, 6 और 7 जुलाई 1947 को आयोजित सिलहट जनमत संग्रह के दौरान 5,46,815 पात्र मतदाताओं में से 4,23,660 ने मतदान किया, लेकिन 1,23,155 मतदाताओं (जिनमें से अधिकांश बागान मजदूर और मुख्य रूप से हिंदू थे) को मतदान करने की अनुमति नहीं दी गई। रॉय ने कहा कि प्रशासनिक कारणों से अंग्रेजों ने कई बार सिलहट को बंगाल और असम के बीच में फेंका। इसे 1874 में नए अधिग्रहीत क्षेत्र के राजस्व को बढ़ाने के लिए असम प्रांत में जोड़ा गया था। 1905 में, जब बंगाल का विभाजन हुआ, तो सिलहट को पूर्वी बंगाल और असम का हिस्सा बना दिया गया, लेकिन 1912 में इसे फिर से बंगाल से अलग कर दिया गया और असम का हिस्सा बना दिया गया। विभाजन-पूर्व जनमत संग्रह के बाद, सिरिल रेडक्लिफ ने सिलहट को पूर्वी पाकिस्तान में शामिल कर लिया, लेकिन करीमगंज और त्रिपुरा के कई वर्गों ने इसका विरोध किया, क्योंकि यह भूमि कुशियारा नदी द्वारा सिलहट के बाकी हिस्सों से स्वाभाविक रूप से अलग हो गई थी। प्रोफेसर रॉय ने कहा, त्रिपुरा ने स्वतंत्रता के बाद भारत में शामिल होने पर सहमति जताई, लेकिन उन्हें करीमगंज से होकर यात्रा करनी पड़ती थी, क्योंकि बंगाल का बाकी हिस्सा पूर्वी पाकिस्तान बन गया था।

## कैश फॉर वोट पर विनोद तावड़े बोले- इतना मूर्ख नहीं कि विपक्षी नेता के होटल में रकम बांटने जाऊं



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए कैश बांटने के आरोपों में घिरे भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि क्या मैं इतना बेवकूफ हूं कि विपक्षी नेता के होटल में कैश लेकर जाऊंगा और वहां पैसे बांटूंगा। उन्होंने कहा कि मैं नियमों के बारे में समझ रखता हूं और ऐसा कुछ भी नहीं किया है। मंगलवार को बहुजन विकास अघाड़ी के नेता हितेंद्र ठाकुर ने तावड़े पर आरोप लगाया था कि वह विरार के एक होटल में 5 करोड़ रुपये कैश लेकर पहुंचे हैं। इस होटल में ठाकुर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे थे और जमकर हंगामा हुआ था। यह होटल मुंबई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित है। इस घटनाक्रम के बाद चुनाव आयोग ने होटल के कमरों की जांच की थी। आयोग के एक अधिकारी का कहना था कि होटल के कमरों से 9.93 लाख रुपये कैश बरामद हुआ है। भाजपा नेता ने खुद पर लगे आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि वह भाजपा कार्यकर्ताओं की मीटिंग के लिए पहुंचे थे। तावड़े ने कहा कि विवांता होटल के मालिक हितेंद्र ठाकुर और उनका परिवार ही है। क्या मैं इतना मूर्ख हूं कि इस होटल में पैसे लेकर आऊंगा और कैश बांटूंगा? भाजपा लीडर ने कहा कि मैं 40 सालों से राजनीति में हूं और नियमों से पूरी तरह वाकिफ हूं कि चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद साइलेंस पीरियड में क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। तावड़े ने कहा कि मैं तो कार्यकर्ताओं से सामान्य बातचीत के लिए आया था। प्रचार में भी नहीं था। यहां कार्यकर्ताओं से वोटिंग की प्रक्रिया को समझाने के लिए मुलाकात होनी थी। इस मामले की महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने विस्तार से जांच कराने की बात कही है।

## पाली-जोधपुर हाईवे पर दर्दनाक हादसा : एंबुलेंस को डंपर ने मारी टक्कर, चार की मौत

**पाली, एजेंसी।** पाली-जोधपुर हाईवे पर मंगलवार रात 2 बजे एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब एक मरीज को एक एंबुलेंस से दूसरी में शिफ्ट किया जा रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार डंपर ने खड़ी एंबुलेंस को टक्कर मार दी, जिससे दो महिलाओं, एक ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति की जान चली गई। पाली के रोहट थाना क्षेत्र के गाजनगढ़ टोल नाके के पास एक एंबुलेंस सड़क पर अचानक आए मवेशी से टकरा गई। इस टक्कर के बाद एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई और मरीज को जोधपुर ले जाने के लिए दूसरी एंबुलेंस मंगाई गई। जब मरीज को शिफ्ट किया जा रहा था, तभी एक डंपर ने खड़ी एंबुलेंस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिलाएं सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरीं। इस हादसे में बाड़मेर जिले के बारासन निवासी मोहनी देवी (42), गुड़ा मालानी निवासी फगली देवी (45) और एंबुलेंस ड्राइवर सुनील बिश्नोई की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी एंबुलेंस के ड्राइवर ने जोधपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। मरीज अशोक कुमार, जिसकी उम्र 21 वर्ष है, जालोर जिले के वाडानया भादवी का निवासी है।

# पंचकूला बैठक में पहुंचे कृषि मंत्री लिफ्ट में फंसे, निकालने में लग गया आधा घंटा

**पंचकूला, एजेंसी।** हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मंगलवार को लिफ्ट में फंस गए। वह पंचकूला में भाजपा के पंचकमल ऑफिस में विधायक दल की मीटिंग के लिए पहुंचे थे। जब उन्होंने लिफ्ट का इस्तेमाल किया तो लिफ्ट अचानक खराब हो गई और बीच में अटक गई। कृषि मंत्री राणा के साथ इस दौरान नलवा विधायक रणधीर पनिहार समेत कई लोग मौजूद थे। मंत्री-विधायकों के लिफ्ट में फंसने की खबर फैलते ही हड़कंप मच गया। मंत्री श्याम सिंह राणा के लिफ्ट में फंसे होने की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन की टीम एक्शन में आई और लिफ्ट के अंदर फंसे मंत्री श्याम सिंह राणा समेत बाकी लोगों को पानी पहुंचाया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मंत्री राणा व अन्य लोगों को बाहर निकाला।

**लिफ्ट के मेंटिनेंस को लेकर उठे सवाल :** मंत्री श्याम सिंह राणा के लिफ्ट में फंसने के बाद लिफ्ट का संचालन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। बाहर नोटिस भी चस्पा कर दिया गया है। लिफ्ट ठीक करने के बाद ही उसे लोगों के लिए खोला जाएगा। पंचकूला स्थित बीजेपी दफ्तर में विधायक दल की बैठक हो में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मौजूद थे। मंत्री के इस तरह लिफ्ट में फंसने से लिफ्ट के मेंटेनेंस को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आखिर कैसे लिफ्ट बीच में रुक गई, क्या उसकी ठीक से मेंटेनेंस नहीं की गई। अगर कोई बड़ा हादसा हो जाता तो कौन जिम्मेदार होता? वहीं, बताया जा रहा है कि लिफ्ट के ओवरलोड होने की वजह से ये





परेशानी खड़ी हुई थी।

**दो साल पहले हुआ दफ्तर का उद्घाटन :** 20 अगस्त 2022 को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पंचकूला के सेक्टर-3 में बीजेपी के नए कार्यालय पंचकमल का उद्घाटन किया था। उनके साथ हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और पार्टी के तत्कालीन हरियाणा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ भी मौजूद थे। पंचकूला बीजेपी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष, महासचिव के लिए दफ्तर बनाए गए हैं। इसके अलावा इस कार्यालय में एक सभागार भी शामिल है। इस कार्यालय में तीन लोकसभा क्षेत्रों करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला कार्यकर्ता को काम करने की सुविधाएं दी गई हैं।

## वेटिंग नहीं अब मिलेगा कन्फर्म टिकट! भारतीय रेलवे ट्रेनों में जोड़ रहा है हजारों बोगियां

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे बड़े विस्तार की तैयारी में है। खबर है कि सरकार 1 हजार से ज्यादा सामान्य श्रेणी के डिब्बे सैकड़ों ट्रेनों में जोड़ने जा रही है। साथ ही कई ट्रेनों में नॉन एसी कोच की संख्या में भी इजाफा होने वाला है। रेलवे का बोर्ड का कहना है कि जनरल क्लास के यात्री रेलवे की प्राथमिकताओं में से एक हैं। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि इससे करीब 1 लाख यात्रियों को फायदे के आसार हैं।

रेलवे की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि नवंबर के अंत तक 370 नियमित ट्रेनों में 1 हजार से ज्यादा जनरल सेकंड क्लास कोच जोड़े जाएंगे। वहीं, अगले दो सालों में 10 हजार से ज्यादा नान एसी ट्रेनों में जोड़े जाएंगे। इसके अलावा रेलवे ने कई ट्रेनों में बीते तीन महीनों में सामान्य श्रेणी के करीब 600 डिब्बे जोड़े हैं। नए कोच के शामिल होने से रोज 1 लाख यात्रियों को फायदा मिलने के आसार हैं। केंद्रीय रेलवे मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर स्वप्निल नीला ने जानकारी दी है कि मध्य रेलवे 42 ट्रेनों में 90 जीएस कोच जोड़ेगा। इससे हर रोज 9 हजार से ज्यादा



अतिरिक्त यात्रियों को फायदा होगा। अब जब रेलवे स्लीपर कोच की संख्या में करीब 4 हजार बोगियां बढ़ाने जा रहा है, तो इससे आरक्षण में लंबी वेटिंग लिस्ट से भी राहत मिलने के आसार हैं। ऐसे में रिजर्वेशन के प्रयास कर रहे यात्रियों को भी फायदा मिल सकता है। रेलवे बोर्ड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर दिलीप कुमार ने बताया है कि रेलवे सभी वर्गों के यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने की ओर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जुलाई से नवंबर के बीच इसके तहत 1 हजार नए द्वितीय सामान्य श्रेणी के डिब्बे ट्रेनों में शामिल किए जाएंगे। उन्होंने जानकारी दी है कि ये नए कोच 370 नियमित ट्रेनों में जोड़ दिए गए हैं। लगातार बढ़ती मांग के मद्देनजर रेलवे ने यह कदम उठाया है। अधिकारी ने बताया है कि सामान्य श्रेणी के यात्रियों के लिए जीएस कोच का निर्माण तेज गति से चल रहा है। उन्होंने बताया है कि अगले 2 सालों में ऐसे 10 हजार से ज्यादा नॉन एसी कोच जोड़े जाएंगे। इनमें से 6 हजार से ज्यादा जनरल सेकंड कैटेगरी कोच होंगे। जबकि, अन्य स्लीपर क्लास होंगे।

## वोटिंग के बीच ही अजित पवार बोले- परिवार का मेंबर सामने, मुश्किल लड़ाई है

**बारामती, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अपनी परंपरागत बारामती सीट से उतरे अजित पवार सुबह ही मतदान करने पहुंचे। उन्होंने मतदान के बाद कहा कि हमें पूरा भरोसा है कि महायुति की राज्य में फिर से सरकार बनेगी, जिसका वह हिस्सा हैं। वहीं उन्होंने अपनी सीट पर चुनावी मुकाबले को मुश्किल भी बताया। उन्होंने कहा कि इसकी वजह यह है कि परिवार का ही मेंबर सामने है। अजित पवार ने कहा, परिवार के ही किसी सदस्य के मुकाबले चुनाव में उतरना हमेशा कठिन होता है। इस दौरान उन्होंने भाजपा महासचिव विनोद तावड़े पर कैश बांटने के आरोपों पर भी बात की। अजित पवार ने कहा कि बारामती के लोग इस बारे में विचार करेंगे। बारामती सीट पर अजित पवार का मुकाबला अपने भतीजे युगेंद्र पवार से ही है, जो उनके बड़े भाई श्रीनिवास के बेटे हैं। युगेंद्र पवार अपने दादा शरद पवार की पार्टी से उतरे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अजित पवार के लिए पहली बार बारामती में इतनी टफ फाइट है। इसे लेकर अजित पवार के माथे पर चिंता की लकीरें भी देखी जा सकती हैं। हालात यह हैं कि अजित पवार ने सोमवार को प्रचार के आखिरी दिन अपनी मां को भी उतार दिया और वह उनके साथ एक रैली में पहुंचीं। अब इसे लेकर भी आपस में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। श्रीनिवास पवार ने कहा कि अजित पवार ने बीमार मां तक को राजनीति में उतार



दिया है, जो गलत है। उन्होंने कहा कि मेरी 87 वर्ष की मां आशा पवार का मुंबई में इलाज चल रहा था। इसके बाद भी वह उन्हें प्रचार के लिए ले आए हैं। यह कैसी राजनीति है। उन्होंने कहा कि मेरी एक दिन पहले मां से मुलाकात हुई थी। उनका कहना था कि मैं रैली में नहीं जाना चाहती। इसके बाद भी अगले ही दिन अजित पवार उन्हें ले आए। अजित पवार का इस पर कोई जवाब नहीं आया है। लेकिन उन्होंने वोट डालने के बाद इतना जरूर कहा कि जब परिवार का ही कोई सदस्य सामने होता है तो लड़ाई मुश्किल होती है। सुप्रिया सुले ने भी इसे लेकर तंज कसा और कहा कि ताई को रैली में देखकर मैं हैरान रह गई। वह कभी राजनीतिक मंच पर नहीं गई थीं। मैंने टीवी पर देखा कि ताई भी रैली में मौजूद हैं और मास्क लगा रखा है। मैं यह सब देखकर हैरान रह गई। श्रीनिवास ने कहा कि मैं तो कभी मां से राजनीति के बारे में बात नहीं करता। उन्होंने कहा कि हम उन पर भरोसा करते हैं और वह कभी गलत फैसला नहीं लेंगी।

# सुक्खू सरकार को हाईकोर्ट से एक और झटका, पर्यटन निगम के 18 होटलों को बंद करने का आदेश

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार को हाईकोर्ट से एक और बड़ा झटका लगा है। हिमाचल हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के उपक्रम हिमाचल पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के 18 घाटे में चल रहे होटलों को 25 नवंबर से बंद करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि एचपीटीडीसी इन सफेद हाथियों के रख-रखाव में सार्वजनिक संसाधनों का अपव्यय ना करें। इन होटलों का संचालन जारी रखते हुए राज्य के खजाने पर गैरजरूरी बोझ डालने से बचें।

**मांगी रिपोर्ट :** हिमाचल हाईकोर्ट के जस्टिस अजय मोहन गोयल ने अपने आदेश में कहा कि पर्यटन निगम को इन होटलों को बंद कर देने चाहिए क्योंकि इनका संचालन घाटे में चल रहा है। इससे राज्य के वित्तीय संसाधनों का दुरुपयोग हो रहा है। अदालत ने यह भी कहा कि इन निर्देशों की अनुपालना की जिम्मेदारी पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक की होगी। इस आदेश के पालन को सुनिश्चित करना होगा और कोर्ट को इसकी रिपोर्ट दाखिल करनी होगी।

**बाकी कर्मचारियों को अन्य होटलों में भेजने के आदेश :** अदालत ने यह भी कहा कि इन होटलों को चलाने के लिए जो न्यूनतम स्टाफ जरूरी है, वही स्टाफ वहां रखा जाए। बाकी कर्मचारियों को अन्य होटलों में



स्थानांतरित कर दिया जाए, ताकि जहां स्टाफ की कमी हो, वहां उसकी भरपाई की जा सके।

### 18 होटलों को बंद करने का आदेश

1. पैलेस होटल, चायल 2. होटल गीतांजलि, डलहौजी 4. होटल धौलाधार, धर्मशाला 6. होटल कश्मीर हाउस, धर्मशाला 7. होटल एप्पल ब्लॉसम, फागू 10. होटल गिरिगंगा, खड़ापत्थर 11. होटल मेघदूत, कयारीघाट 14. होटल हडिंबा कॉटेज, मनाली 16. होटल भागसू, मैक्लोडगंज

**होटलों की उपयोगिता निराशाजनक :** हाईकोर्ट ने कहा- एचपीटीडीसी द्वारा अपने होटलों की कार्यकुशलता और उपयोगिता का हवाला निराशाजनक था। एचपीटीडीसी अपनी संपत्तियों का सही तरीके से उपयोग कर लाभ अर्जित करने में असमर्थ रहा है। यदि इन संपत्तियों का संचालन जारी रखा जाता है तो यह राज्य के खजाने पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जबकि राज्य सरकार पहले ही वित्तीय संकट का सामना कर रही है, जैसा कि अदालत में आए अन्य मामलों में देखा गया है। हाईकोर्ट ने यह भी नोट किया कि पिछली सुनवाई में, 17 सितंबर 2024 को उसने एचपीटीडीसी से अपेक्षाएं जताई थीं कि वह अपने संसाधनों को बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाएगा, लेकिन इस आदेश तक निगम ने इस दिशा में कोई अहम कदम नहीं उठाया है।

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफीः

# लंबी पारी खेलना चाहते हैं लाबुशेन



**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन भारतीय तेज आक्रमण को थकाने के लिए लंबी पारी खेलना चाहते हैं जिस तरह से पिछली दो बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में चेतेश्वर पुजारा ने खेली थी। पुजारा ने 2018-19 में चार टेस्ट की सात पारियों में 1258 गेंदें खेलकर तीन शतक जमाए थे।

वह भारत की जीत के सूत्रधारों में से एक थे। उन्होंने 2020-21 की श्रृंखला में 928 गेंदें खेली जो श्रृंखला में किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक थी और इस बार भी उन्होंने जीत में अहम योगदान दिया। लाबुशेन ने कहा, 'यह श्रृंखला हम सभी के लिये अहम है। लंबे समय तक टिककर खेलने पर हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। उन्होंने कहा, 'हम समझते हैं कि दूसरे और तीसरे स्पैल के लिये उन्हें फिर गेंदबाजी कराने और दबाव में लाने की क्या अहमियत है। पांच मैचों की श्रृंखला में यह बहुत जरूरी है क्योंकि तीसरे, चौथे, पांचवें मैच में अगर वे समान टीम उतारते हैं तो गेंदबाजों के 100, 150 या 200 ओवर हो चुके होंगे जिससे काफी फर्क पड़ेगा।

जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और नीतिश कुमार रेड्डी तेज आक्रमण का दारोमदार संभालेंगे। तीनों का यह पहला ऑस्ट्रेलिया दौरा है।

रॉबिन उथप्पा का दावा

# आईपीएल नीलामी में ऋषभ पंत की कीमत 25-28 करोड़ के आसपास होगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने दावा किया है कि आगामी आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की बोली 25-28 करोड़ के बीच होगी। दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन न किए जाने के बाद, पंत सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली नीलामी में शामिल हाई-प्रोफाइल भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। नीलामी में उनके होने से, पंजाब किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी टीमों द्वारा उन पर भारी बोली लगाए जाने की उम्मीद है।

उथप्पा ने जियोसिनेमा पर कहा, मुझे लगता है कि ऋषभ पंत को 25-28 करोड़ के आसपास में खरीदा जाएगा। उन्हें निश्चित रूप से बड़ी रकम मिलेगी और वे इस नीलामी में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले खिलाड़ी बनेंगे। पंत को इतनी कीमत पर खरीदना देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि मुझे लगता है कि पंजाब किंग्स उन्हें खरीदना चाहेगी और आरसीबी भी उन्हें नेतृत्व की भूमिका और विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर खरीदना चाहेगी।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की राय जाहिर की। मुझे लगता है कि ऋषभ पंत आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। अगर पंत और पंजाब किंग्स के बीच अच्छा तालमेल है, तो वे उन्हें खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, नहीं तो आरसीबी ऋषभ पंत के लिए सबसे संभावित जगह बन जाएगी। लेकिन मेरा मानना है कि अन्य टीमें भी पंत के लिए बोली लगाएंगी। इस मेगा नीलामी में भारतीय खिलाड़ी सबसे ज्यादा बिकने वाले हैं। उथप्पा को यह भी लगता है कि डीसी श्रेयस अय्यर को वापस खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेगी, जो 2015 से 2021 तक फ्रेंचाइजी के साथ थे।

डीसी श्रेयस अय्यर के लिए कड़ी मेहनत करेगी, और उन्हें 15-20 करोड़ के ब्रैकेट में जाना चाहिए, और डु प्लेसिस को 10 करोड़ से ऊपर। नेहल वढेरा और आशुतोष शर्मा जैसे भारतीय युवा खिलाड़ी किसी भी टीम की सफलता का एक बड़ा हिस्सा और कारण हैं, और आप चाहते हैं कि वे वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करें।

## 36 साल के इशांत शर्मा को लेकर आई बड़ी खबर, अचानक मिली टीम में जगह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक तरफ जहां टीम इंडिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के लिए ऑस्ट्रेलिया में जमकर तैयारी कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ लंबे समय से टीम से बाहर चल रहे इशांत शर्मा के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। नवंबर 2021 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलने वाले इशांत शर्मा लंबे समय से टीम इंडिया में वापसी की राह देख रहे हैं लेकिन अभी तक सफल नहीं हो पाए हैं। यही वजह है कि वह जमकर घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। इस बीच इशांत शर्मा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, इशांत शर्मा को टीम में जगह मिल गई है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए चुनी गई 24 सदस्यीय दिल्ली की टीम में इशांत शर्मा को शामिल किया गया है। दिल्ली की टीम की कमान लखनऊ सुपर जायंट्स यानी स्स्त के स्टार बल्लेबाज आयुष बडोनी को सौंपी गई है। यश ढुल और अनुज रावत टीम का हिस्सा हैं। इनके अलावा दिल्ली प्रीमियर लीग यानी पहले सीजन में एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले प्रियांश आर्य को भी टीम में जगह दी गई है।

हर्षित राणा टीम इंडिया के साथ

तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम में शामिल नहीं किया गया हैं क्योंकि वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में हैं। राणा को 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग-11 में तीसरे तेज गेंदबाज की जगह लेने की दौड़ में हैं। सिर्फ 10 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले हर्षित के बारे में कहा जा रहा है कि वह लगातार 140 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से अधिक की गति और अच्छी उछाल हासिल करने की क्षमता के साथ शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बड़े-बड़े दिग्गजों को भी प्रभावित किया है।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए दिल्ली का स्क्वाड- प्रियांश आर्य,अनुज रावत,आयुष बडोनी (कप्तान), हिम्मत सिंह, मयंक गुसाईं, मयंक यादव, जोंटी सिद्धु, इशांत शर्मा, यश ढुल, सिमरजीत सिंह, वैभव कांडपाल, हर्ष त्यागी, प्रिंस यादव, हिमांशु चौहान, वंश बेदी, आर्यन राणा, अखिल चौधरी, ध्रुव कौशिक, सार्थक रंजन, सुयश शर्मा, दिग्वेश राठी, आयुष सिंह, प्रिंस चौधरी, प्रणव रणवंशी।

## ग्लेन मैक्सवेल फीील्डिंग करते समय चोटिल, एक महीने तक रह सकते हैं खेल से बाहर



**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि स्कैन में उनके बाएं हैमस्ट्रिंग में ग्रेड टू टियर का पता चला है, जिससे बिग बैश लीग (बीबीएल) की शुरुआत के लिए उनके उपलब्ध होने पर संदेह है।

मैक्सवेल को सोमवार को होबार्ट में पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 के दौरान फील्डिंग करते समय चोट लगी थी। उन्हें सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अपनी हैमस्ट्रिंग को पकड़ते और लंगड़ाते हुए बेलरिव ओवल में खेलते हुए देखा गया था।

इस चोट ने फरवरी 2025 में श्रीलंका में ऑस्ट्रेलिया की दो मैचों की सीरीज से पहले टेस्ट टीम में वापसी के मैक्सवेल के प्रयास को भी बाधित कर दिया है। उन्होंने आखिरी बार 2017 में टेस्ट क्रिकेट खेला था। इसके अलावा, अब वह संभवतः शेफील्ड शील्ड मैच भी मिस कर देंगे, जिसका उपयोग उन्होंने बीबीएल सीजन की तैयारी के लिए करने की योजना बनाई थी।

22 ग्रैंडस्लैम चैंपियन

# नडाल का टेनिस से संन्यास



### रोजर फेडरर हुए भावुक, सेरेना विलियम्स ने भी बयां की दिल की बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस शताब्दी की शुरुआत में टेनिस की दुनिया को दो ऐसे खिलाड़ी मिले जिन्होंने साल तक राज किया। एक थे स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर और दूसरे स्पेन के राफेल नडाल। पहले फेडरर ने रिटायरमेंट लिया और मंगलवार को नडाल ने भी इस खेल को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया।

क्ले कोर्ट के किंग कहे जाने वाले नडाल की विदाई भी भावुक रही। उन्होंने डेविस कप में अपने आखिरी मैच उसी दिन खेला जिस दिन इस टूर्नामेंट में डेब्यू किया। रोजर फेडरर ने अपने इस दोस्त के लिए पोस्ट किया और सेरेना विलियम्स ने इस पर कमेंट किया। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल के टूर पर 20 साल से अधिक के सफर का यह आखिरी टूर्नामेंट था। स्पेन को नीदरलैंड ने 2-1 से हराया। दर्शक 'राफा, राफा, राफा ' चिल्ला रहे थे। उनके शानदार करियर के सम्मान में सेंटर कोर्ट पर एक समारोह का भी आयोजन किया गया था। उनके कैरियर की झलकियां दिखाता वीडियो जब चलाया गया तो नडाल की आंखें भर आई। समारोह के बाद नडाल ने अपने साथी खिलाड़ियों को गले लगाया और दोनों हाथों से उनका अभिवादन स्वीकार करते हुए बाहर चले गए।

राफेल नडाल के नाम 22 ग्रैंडस्लैम हैं। वह दुनिया में 22 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। नडाल ने जो 22 ग्रैंडस्लैम म उन्होंने सबसे ज्यादा 14 बार फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया है। यह भी उनका बड़ा रिकॉर्ड है। नडाल ने अपने करियर में 1080 सिंगल्स जीते हैं। इसके साथ ही वह 209 हफ्तों तक लगातार वर्ल्ड नंबर 1 रहे। उनके नाम 92 सिंगल्स टाइटल्स हैं, जिनमें 63 सिंगल्स टाइटल्स सिर्फ क्ले कोर्ट पर जीते हैं। राफेल नडाल ने स्पेन के लिए दो ओलंपिक गोल्ड मेडल भी जीते हैं। वह 5 बार, झ्रक प्लेयर ऑफ द ईयर बने और 5 बार साल का अंत वर्ल्ड नंबर वन रहकर किया। राफेल नडाल की विदाई पर उनके साथी और सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी रोजर फेडरर ने पत्र लिखा।

दो साल पहले लावेर कप में जब फेडरर ने आखिरी टेनिस मैच खेल था तब नडाल उनके साथ बैठे थे और बहुत रोए थे। अब फेडरर भी भावुक नजर आए। फेडरर ने अपने पत्र में लिखा,जैसा कि आप टेनिस से संन्यास लेने की तैयारी में है, इससे पहले कि मैं भावुक हो जाऊं, मेरे पास शेयर करने के लिए कुछ चीजें हैं। आपने मुझे कई बार हराया और मुझे आपके खिलाफ बहुत कम सफलता मिली। जिस तरह आपने मुझे टक्कर दी शायद ही किसी और के खिलाफ मुकाबले में मैंने उन चुनौतियों को महसूस किया।' फेडरर की इस पोस्ट पर महिला टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने भी कमेंट किया है।

## लियोनल मेसी 2025 में अर्जेंटीना टीम के साथ भारत आएंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में लियोनल मेसी के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। अर्जेंटीना का यह स्टार अगले साल भारत आने वाला है। वर्ल्ड चैंपियन कप्तान किसी इवेंट के लिए नहीं बल्कि फुटबॉल मैच खेलने आ रहा है। भारतीय फैंस को अपने इस चहेते फुटबॉलर को लाइव देखने का मौका मिलेगा। मेसी 11 साल बाद भारत आएंगे।

**➲मेसी 2011 में आए थे भारत**

अर्जेंटीना मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन है। वर्ल्ड कप में टूर्नामेंट के कप्तान लियोनल मेसी थे। मेसी अब अपनी टीम के साथ भारत आएंगे और केरल में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेलेंगे। मेसी इससे पहले 2011 में भारत आया था। उस समय अर्जेंटीना ने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में वेनेजुएला का सामना किया था। इस मैच में कोई गोल नहीं हुआ था।

**➲केरल सरकार उठाएगी सारा खर्च**

केरल के खेल मंत्री वी अब्दुराहिमान ने बुधवार को इसका ऐलान किया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस इसका ऐलान किया। उन्होंने बताया कि यह मैच केरला सरकार के सुपरविशन में ही खेला जाएगा। अब्दुरहिमान ने कहा, 'इस हाई प्रोफाइल फुटबॉल इवेंट का सारा खर्चा राज्य सरकार उठाएगी।'

लियोनल मेसी भले ही अर्जेंटीना के लिए खेलते हो लेकिन भारत में उनके फैंस की कमी नहीं है। खासतौर पर केरला में जहां अर्जेंटीना की वर्ल्ड कप जीत का जोरदार जश्न मनाया गया था। इसके अलावा भी पूरे देश में मेसी के दीवाने हैं।

## छह साल बाद घरेलू क्रिकेट में होगी हार्दिक पंड्या की वापसी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट में पिछले कुछ समय में घरेलू टूर्नामेंट्स की अहमियत बहुत ज्यादा बढ़ी है। बीसीसीआई ने यह साफ कर दिया कि टीम इंडिया के लिए खेलने वाले क्रिकेटर्स को भी ब्रेक के समय घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। दलीप ट्रॉफी और फिर रणजी ट्रॉफी में टीम इंडिया के सितारे नजर आए। वहीं अब खबर है कि भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी छह साल बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे।

### 6 साल बाद होगी हार्दिक की वापसी

हार्दिक पंड्या साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज का हिस्सा थे और अब भारत लौट चुके हैं। वह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम का हिस्सा नहीं है और इसी कारण घरेलू क्रिकेट में नजर आएंगे। हार्दिक छह साल बाद घरेलू क्रिकेट खेंलेगे। इससे पहले उन्होंने 2018 में रणजी ट्रॉफी मैच खेला था।

हार्दिक ने अपना पिछला मैच सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 8 साल पहले खेला था। वह 2016 में इस टूर्नामेंट में नजर आए लेकिन फिर टीम इंडिया के लिए लगातार खेलने के कारण वापसी नहीं कर पाए। वह अपने बड़े भाई क्रुणाल पंड्या की कप्तानी में खेलेंगे जो कि इस समय शानदार फॉर्म में हैं।

### कई और बड़े नाम भी शामिल

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का मौजूदा सीजन 23 नवंबर से शुरू हो रहा है। हार्दिक के अलावा भी बड़े नाम इस टूर्नामेंट में शामिल हो रहे हैं। मुंबई ने अपनी टीम में श्रेयस अय्यर मुंबई को जगह दी है। वहीं फिटनेस साबित करने के इरादे से मोहम्मद शमी भी यह टूर्नामेंट खेलेंगे और बंगाल का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुश्ताक अली ट्रॉफी के पिछले सीजन में बड़ौदा ने शानदार प्रदर्शन किया था और वह फाइनल में पहुंची थी। हालांकि खिताब अपने नाम नहीं कर पाई थी।

# विराट कोहली के सोशल मीडिया पोस्ट ने फैंस को चिंता में डाला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ठीक पहले भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के सोशल मीडिया पोस्ट ने कई प्रशंसकों को चिंता में डाल दिया। कोहली फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में हैं और शुक्रवार से पहला टेस्ट मैच शुरू हो रहा है और वह नेट्स में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अनुभवी क्रिकेटर के लिए यह साल अच्छा नहीं रहा है क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उन्हें रन बनाने में दिक्कत हुई और भारत तीन मैचों की सीरीज में 0-3 से हार गया।

कोहली ने अपने कपड़ों के ब्रांड रॉगन की 10वीं वर्षगांठ पर सभी को हैरान करते हुए लिखा, पीछे मुड़कर देखें तो हम हमेशा थोड़े अलग रहे हैं। हम कभी भी किसी भी बॉक्स में फिट नहीं हुए। दो बेमेल, जो बस एक-दूसरे से जुड़ गए। हम पिछले कुछ सालों में बदल गए हैं, लेकिन हमेशा अपने तरीके से काम किया है। कुछ लोग हमें पागल कहते थे; दूसरे इसे समझ नहीं पाए।

उन्होंने आगे लिखा, लेकिन ईमानदारी से हमें परवाह नहीं थी। हम यह पता लगाने में व्यस्त थे कि हम कौन हैं। 10 साल के उतार-चढ़ाव और यहां तक कि महामारी भी हमें हिला नहीं सकी। अगर कुछ भी हो, तो इसने हमें याद दिलाया - अलग होना हमारी ताकत है। तो यहां 10 साल हमारे तरीके से करने के लिए हैं - गलत तरीके से। यहां गलत होने के लिए है। और यहां अगले 10 के लिए है! रोगन, सही तरह के आदमी के लिए।

पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट से पूर्व रिकी पोंटिंग ने करिश्माई विराट कोहली की प्रशंसा की, उन्हें खेल का एक पूर्ण सुपरस्टार कहा, जो अपने खेलने के तरीके के प्रति बेहद भावुक हैं जिसके कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया में बहुत सम्मान मिला है। उन्होंने कहा, कोहली एक स्टार हैं। वह एक सुपरस्टार हैं, इतने लंबे समय से खेल के सुपरस्टार हैं।

वह जिस तरह से खेलते हैं, उसके प्रति भावुक हैं। वह अपनी टीम के प्रति भावुक हैं। वह जीतना चाहते हैं और वह अपने दिल की बात कहते हैं। यही वह चीज है जो सुपरस्टार खिलाड़ी दुनिया भर में पैदा करते हैं और बनाते हैं। और इसके कई अलग-अलग स्तर हैं।

# लौटारो मार्टिनेज ने अर्जेंटीना के पांचवें शीर्ष स्कोरर के रूप में डिएगो माराडोना की बराबरी की



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** पेरू के खिलाफ अपने गोल की बदौलत अर्जेंटीना के इतिहास में लौटारो मार्टिनेज ने अपना नाम दर्ज करा लिया है। उन्होंने डिएगो आर्मंडो माराडोना के राष्ट्रीय टीम के साथ 32 गोल की बराबरी कर ली है। मार्टिनेज, जिनके नाम 31 गोल थे, अर्जेंटीना के इतिहास में शीर्ष स्कोरर की रैंकिंग में माराडोना (32) की बराबरी करने से एक गोल दूर थे। इस सूची में लियोनेल मेसी (112) सबसे आगे हैं।

मार्टिनेज के दूसरे हाफ में वॉली से किये गए गोल ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर में अर्जेंटीना के लिए शीर्ष स्थान को मजबूत किया, क्योंकि लियोनेल मेसी की टीम ने बुधवार (आईएसटी) को पेरू को 1-0 से हराया।

मार्टिनेज ने कहा,प्रदर्शन, गोल और खेले गए मैचों के मामले में यह एक शानदार साल रहा। हमें खेलते रहना है और दिन-ब-दिन सुधार करना है। हर कोई हमें हराना चाहता है। अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम हमेशा नायक होती है।कुछ चीजें सुधारने की हैं, लेकिन हमें इसी राह पर चलते रहना है। 27 वर्षीय स्ट्राइकर ने बुधवार को 2024 का अपना 11वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया। इसके साथ ही वह अर्जेंटीना के लिए एक कैलेंडर वर्ष में 10 गोल करने वाले केवल तीसरे व्यक्ति बन गए, उनसे पहले गैब्रियल बतिस्तुता (1998 में 12) और मेसी (2012 में 12 और 2022 में 18) ने गोल किए थे। इस जीत से अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है, जो उरुग्वे से पांच अंक आगे है। पेरू केवल सात अंकों के साथ सबसे निचले स्थान पर है। अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर (डब्ल्यू12 डी6) में पेरू के खिलाफ अपने पिछले 18 मैचों में अपराजित है।

यह टूर्नामेंट के इतिहास में किसी एक टीम के खिलाफ एल्बीसेलेस्टे के लिए सबसे अच्छी अपराजित लकीर है। अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर (डब्ल्यू9 डी1 एल1)में अपने पिछले 11 घरेलू मैचों में से 10 में एक भी गोल नहीं खाया है। नवंबर 2023 में उरुग्वे से हार अपवाद थी (0-2)।

# कृषि के विकास के लिए कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत विशेष प्रयास करें : सुलेमान

## कृषि उत्पादन आयुक्त ने रीवा और शहडोल संभाग के कृषि विकास में किया मंथन

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मोहम्मद सुलेमान ने रीवा तथा शहडोल संभाग में कृषि एवं इससे जुड़े विभागों की विकास की समीक्षा की। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि विन्ध्य का किसान बहुत मेहनती है। यहाँ बाणसागर बांध से सिंचाई सुविधा में तेजी से वृद्धि हुई है। किसान को खेती की आधुनिक तकनीक से फसल उत्पादन, कृषि यंत्रीकरण तथा फसलों के विपणन में सहयोग करें। कलेक्टर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी साप्ताहिक बैठक में कृषि विकास से जुड़ी सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। आप सबके थोड़े से प्रयास से लाखों किसानों का जीवन बेहतर हो जाएगा।



कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि सहकारी बैंक के चेयरमैन के रूप में कलेक्टर कृषि यंत्रीकरण, पशुपालन तथा उद्यानिकी फसलों के ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से मंजूर करें। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से व्यक्तिगत मछली पालक किसानों को सहायता देकर आधुनिक तरीके से मछली पालन कराएं। मछली पालन से बहुत कम लागत में अच्छा लाभ मिल सकता है। खेती के साथ पशुपालन तथा मछली पालन करके ही खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है। श्री सुलेमान ने कहा कि प्रत्येक जिले में पर्याप्त संख्या में बीज उत्पादक समितियों तथा किसान संघों का गठन कराएं। इनके माध्यम से अच्छी गुणवत्ता के बीज तैयार कराकर किसानों को उपलब्ध कराएं। मुख्य फसलों के बीज के ब्राण्ड तैयार कराएं।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश में खाद की कमी नहीं है। गत वर्ष जितनी मात्रा में खाद का उठाव हुआ था उतनी मात्रा अब तक रीवा संभाग को प्रदान की जा चुकी है। कलेक्टर खाद के वितरण की समुचित व्यवस्था करें। सहकारी समितियों को आवंटित खाद का 70 प्रतिशत प्रदान करके उसका वितरण कराएं। किसानों की भीड़ केवल विपणन संघ के डबल लाक के नकद खरीदी केन्द्र में होती है। खाद की उपलब्धता तथा वितरण के संबंध में नियमित रूप से किसानों को जानकारी दें। उप संचालक कृषि निजी विक्रेताओं के खाद के नमूने लेकर नियमित जाँच कराएं। अमानक पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें। नरवाई प्रबंधन के संबंध में कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि नरवाई जलाने पर एक ओर जुर्माना लगता है दूसरी ओर खेती की मिट्टी की गुणवत्ता खराब होती है। यदि किसान ने नरवाई जलाई तो अगले साल एक हेक्टेयर में उसे एक बोरी यूरिया तथा आधा बोरी डीएपी अतिरिक्त रूप से फसल में देना होगा। नरवाई जलाना पर्यावरण की दृष्टि से भी बहुत हानिकारक है। सतना और रीवा जिले के सभी कस्टम हायरिंग सेंटरों में हैप्पी सीडर और सुपर सीडर की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसकी जानकारी किसान एप पर दर्ज कराएं जिससे किसान इनका सरलता से उपयोग कर सकें। सुपर सीडर और हैप्पी सीडर खरीदने के लिए भी किसानों को प्रेरित करें। हर जिले में पर्याप्त संख्या में दुग्ध सहकारी सुमितियों का गठन कराएं। दुधारू पशुओं के नस्ल सुधार के सभी लक्ष्य सेक्स सार्टेड सीमेन के माध्यम से पूरा कराएं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने लक्ष्य पूरा न होने पर नाराजगी व्यक्त की। कृषि उत्पादन आयुक्त ने उद्यानिकी क्षेत्र को फसल अनुरूप चयन करने तथा किसान की रूचि के अनुसार उत्पादन करने के लिये प्रेरित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिवहन सुविधा व बाजार की उपलब्धता को भी आधार मानकर उद्यानिकी फसल क्षेत्र का चयन करें।

## जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जारी

**रीवा।** रीवा जिले में 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। शासन के निर्देशानुसार जिले में 15 नवम्बर से 26 नवम्बर तक जनजातीय समुदाय को व्यक्तिगत हितलाभ दिलाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जारी है। इसी क्रम में 21 नवम्बर को आधार एवं आयुष्मान कार्ड के कैम्प आयोजित होंगे। आधार से बैंक खाता लिंकिंग तथा ग्राम सभाओं व सामुदायिक बैठकों का आयोजन किया जाएगा। 22 नवम्बर को समग्र एवं आयुष्मान कार्ड कैम्प, स्वच्छता जागरूकता कैम्प, बैंकिंग सेवा केन्द्र में ऋण संबंधी जानकारियाँ दिए जाने, 23 नवम्बर को राशनकार्ड का वितरण व उसमें सुधार, कौशल विकास कार्यक्रम व महिला स्वसहायता समूहों की बैठकें आयोजित की जाएंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 नवम्बर को वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन योजनाओं का पंजीयन, महिलाओ-बच्चों के लिए स्वास्थ्य एवं पोषणकारी शालाएं, स्थानीय शिल्प एवं हैण्डलूम प्रदर्शनी का आयोजन, 25 नवम्बर को शिक्षा जागरूकता अभियान, सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों को आयोजन, आधार एवं समग्र कार्डों संबंधी समस्याओं का समाधान तथा 26 नवम्बर को समापन कैम्प के आयोजन के साथ ही प्रसंशा व सम्मान समारोह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# कमिश्नर ने की स्वेच्छा से रक्तदान की अपील

## रीवा में 27 नवम्बर को आयोजित होगा रक्तदान शिविर

**रीवा।** रीवा संभाग के 4 प्रमुख जिलों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। रीवा जिले में 27 नवम्बर को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके साथ-साथ सतना में 22 नवम्बर तथा सिंगरौली जिले में 29 नवम्बर को जिला मुख्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि 18 से 50 वर्ष की आयु के सभी व्यक्ति प्रत्येक 3 माह में रक्तदान कर सकते हैं। आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी व्यक्ति के प्राण बचाने के काम आयेगा। संभाग में नवम्बर माह में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। हर व्यक्ति स्वयं रक्तदान करके शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। साथ ही अन्य लोगों के लिये प्रेरित करें।

कमिश्नर ने कहा है कि रक्तदान करने से हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है। रक्तदान शिविर के लिये सामाजिक संगठन तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी निभायें। संभाग के सभी जिलों में नियमित अंतराल से रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जिससे ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में रक्त उपलब्ध रहे। कई बार समय पर रक्त प्राप्त न होने से गंभीर रोगियों के प्राण संकट में पड़ जाते हैं। शरीर से जितना रक्त बाहर निकलता है उसका निर्माण कुछ ही दिनों में पुनः हो जाता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति 45 दिनों के अंतराल से नियमित अंतराल कर सकता है। जब हम रक्तदान करते हैं तो हमारे शरीर में नए रक्त का निर्माण होता है। आपके द्वारा किये गये स्वैच्छिक रक्तदान का उपयोग गंभीर रोगियों के प्राण बचाने में किया जायेगा।

# त्रिस्तरीय पंचायत के उप निर्वाचन हेतु आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील

**रीवा।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 उत्तरार्ध हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुपालन में संबंधित ग्राम पंचायतों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है, जो निर्वाचन परिणाम घोषित होने तक जारी रहेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के रीवा जनपद अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवरा के वार्ड 16, मैदानी के वार्ड 19, धोबखरी 298 के वार्ड 12, मड़वा के वार्ड 4, भोलगढ़ वार्ड 13 तथा खौर के वार्ड 11 के पंच पद के निर्वाचन हेतु आदर्श आचरण संहिता संबंधित क्षेत्र में प्रभावशील रहेगी। जबकि रायपुर कर्चुलियान जनपद अन्तर्गत ग्राम पंचायत पथरहा के वार्ड 15, कुइयांखुर्द के वार्ड 3 एवं 15, दुआरी के वार्ड 8 एवं 9, गंगेव जनपद अन्तर्गत ग्राम पंचायत तिवनी के वार्ड 14, सहेबा के वार्ड 3, मढ़ीकला के वार्ड 14, अगडाल के वार्ड 4, सिरमौर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बरा के वार्ड 19, बधरा के वार्ड 18, दुबगवां के वार्ड 12 व सदहना के वार्ड 2, जवा जनपद अन्तर्गत ग्राम पंचायत कटांगी में सरपंच पद तथा पैरा के वार्ड क्रमांक 3 एवं 17 के पंच पद के लिए, कशियारी के वार्ड 5, घूमन के वार्ड 4 तथा त्योंथर जनपद अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरहट के वार्ड एक तथा जमुईकला के वार्ड क्रमांक 15 में पंच पद के निर्वाचन के लिए आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील रहेगी।

## मढ़ी खुर्द में लोक कल्याण शिविर आज

**रीवा।** गंगेव विकासखण्ड के मढ़ी खुर्द गांव में 21 नवम्बर को ग्राम पंचायत परिसर में लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि शिविर में आमजनता के आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। शिविर के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं एसडीएम मनगवां तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनिश्चित करें। सभी विभागों के अधिकारी शिविर में उपस्थित रहकर विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करें तथा आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करें।

# रोजगार मेले से 177 युवाओं को मिले रोजगार के अवसर

रीवा

मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। इसमें 469 आवेदकों ने पंजीयन कराया। मेले में शामिल 10 निजी कंपनियों ने इनमें से 177 युवाओं का चयन किया है। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले जीएमसीसी इंडिया लिमि. महसाणा फाटा अहमदनगर महाराष्ट्र में 8, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. इंदौर में 15, द ई पाई डाट काम (हावेल्स सोलर प्लांट) रीवा में 44, ग्रोफास्ट एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा में 6, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल में 23, प्रगतिशील बायोटेक रीवा में 13, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा में 37, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस में 25 भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा में 5 तथा एसआईएस लिमिटेड (इंडिया) सिंगरौली में एक युवा का चयन किया गया है। रोजगार मेले के सफल आयोजन में विज्ञान महाविद्यालय, जिला रोजगार कार्यालय तथा आईटीआई रीवा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समन्वय से प्रयास किया।



## तीर्थदर्शन ट्रेन आज शाम 7 बजे द्वारिका के लिए होगी रवाना

**रीवा।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को किसी एक तीर्थ स्थान की निश्शुल्क तीर्थयात्रा कराई जाती है। यात्रा के दौरान वरिष्ठ नागरिक के भोजन, नाश्ते, पानी तथा ठहरने की निश्शुल्क व्यवस्था की जाती है। तीर्थदर्शन योजना के तहत रीवा के चुने हुए तीर्थयात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन 21 नवम्बर को शाम 7 बजे रीवा रेलवे स्टेशन से द्वारिका के लिए रवाना होगी। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि तीर्थयात्रा के लिए सभी विकासखण्डों और नगरीय निकायों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर तीर्थयात्रियों का चयन किया गया है। पात्रता के अनुसार वरिष्ठ नागरिकों को सहायक की भी सुविधा दी गई है। सभी तीर्थयात्रियों को नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से यात्रा की सूचना दी जा रही है। तीर्थयात्री अपने साथ आधार कार्ड, आवश्यक दवायें, दैनिक उपयोग के कपड़े, मौसम के अनुसार कपड़े अवश्य साथ रखें। ट्रेन रवाना होने से एक घंटा पहले रेलवे स्टेशन पहुंचकर अपने परिचय पत्र और टिकट प्राप्त कर लें। यात्रियों की सुविधा के लिए यात्रा के दौरान दो शासकीय सेवक भी ट्रेन में तैनात रहेंगे। तीर्थदर्शन ट्रेन 23 नवम्बर को सुबह 8.30 बजे द्वारिका पहुंचेगी। ट्रेन 24 नवम्बर को रात 8 बजे द्वारिका से प्रस्थान कर 26 नवम्बर को सुबह 9 बजे रीवा पहुंचेगी।

## सीटू जिलाध्यक्ष ने संजय गांधी अस्पताल के आउट सोर्सकर्मियों के आन्दोलन का किया समर्थन

**रीवा।** संजय गांधी अस्पताल के आउट सोर्स कर्मचारियों की जायज मांगों का सेन्टर ऑफ इण्डियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के जिलाध्यक्ष गिरिजेश सिंह सेंगर, महासचिव सौरभ मिश्रा ने धरना स्थल में पहुंचकर उनकी मांगों को लेकर चल रहे आन्दोलन का समर्थन किया। इस मौके पर सीटू जिलाध्यक्ष गिरिजेश सिंह सेंगर ने आउट सोर्स कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार सभी सार्वजनिक संस्थानों को ठेके पर चलाना चाहती है। ठेका कंपनियों द्वारा आउट सोर्स के नाम पर पढ़े लिखे नौजवानों का वेतहाशा शोषण कर रहे हैं।

## कलेक्टर के निर्देश पर बाल संप्रेक्षण गृह में इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण प्रारंभ

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर बाल संप्रेक्षण गृह में आईटीआई के सहयोग से इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। बाल संप्रेक्षण गृह के बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने तथा उनके कौशल उन्नयन के उद्देश्य से आईटीआई के प्रशिक्षक इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गत दिनों कलेक्टर ने बाल संप्रेक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया था तथा बच्चों से संवाद करते हुए उनकी रूचि को भी जाना था। बच्चों ने कम्प्यूटर सीखने, पढ़ने तथा इलेक्ट्रीशियन व मोटर मैकेनिक का प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कलेक्टर से कही थी। कलेक्टर ने तत्काल प्रशिक्षण की व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने तथा प्रशिक्षण किट सहित अन्य आवश्यक उपकरण खरीदने के निर्देश दिये थे।



कलेक्टर के निर्देश पर बाल संप्रेक्षण गृह में बच्चों को इलेक्ट्रीशियन का प्रशिक्षण देना प्रारंभ कर दिया गया है।

## सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 22 नवम्बर को

**रीवा।** जिला पंचायत रीवा की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 22 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गयी है। बैठक में वर्ष 2024-25 की डीपीडीपी कार्ययोजना के अनुमोदन, 15वें वित्त की राशि पर चर्चा, आदिम जाति कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग में रमसा योजना के तहत रीवा एवं मऊगंज जिले में निर्माण कार्यों पर चर्चा के साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित छात्रावासों में कार्यरत वार्डन की अद्यतन स्थित की समीक्षा की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बैठक में समिति के सदस्यों उपस्थिति का अनुरोध करते हुए विभागीय अधिकारियों को जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता संबंधी समीक्षा बैठक 30 नवम्बर को मऊगंज में

**रीवा।** छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के वर्ष 2022-23 से अब तक तथा पूर्व वर्षों के लंबित आवेदनों के सत्यापन व भुगतान की समीक्षा संभागीय उपायुक्त द्वारा 30 नवम्बर को केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में दोपहर 12 बजे से की जाएगी। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजाति कार्य विभाग ने संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

## ननि द्वारा कराया जा रहा नाला एवं नालियों की साफ-सफाई

**रीवा।** निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। दिनांक 20.11.2024 को नाला गैंग द्वारा वार्ड 32 मन्नान मस्जिद का बडा नाला, सिन्धी चौराहा से लेकर मच्छरदानी के सामने तक नाला की सफाई कराई गई। वार्ड 22 संजय गाँधी अस्पताल परिसर की सफाई कराई गई। एवं सुभाष तिराहा से इटौरा बाईपास तक, छोटी पुल से ट्रांसपोर्ट नगर तक एवं समान नाका से जेएनसिटी तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई। कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर की साफ सफाई के साथ ही सिविल लाइन के अंदर सड़को की सफाई कराई गई।

# रीवा मण्डी का भा.मा.एसो.म.प्र.के कृषि संरक्षण प्रमुख ने किया दौरा

**रीवा।** भारत एक कृषि प्रधान देश है हमारे देश की लगभग 70 प्रतिशत आवादी कृषि पर आधारित है, पूरे देश में किसान अपनी उपज की लागत प्राप्त करने के लिए संघर्षरत है तो वही आवारा पशुओं से किसान परेशान है। किसान अपनी उपज को लेकर जब कृषि उपज मण्डी जाता है तो वहां पर उसको कई परेशानियां झेलनी पड़ती है किसानों की परेशानियों को जानने समझने भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन मध्यप्रदेश के कृषि संरक्षण प्रमुख सुधाकर पाण्डेय अपने एसोसियेशन के पदाधिकारियों के साथ कृषि उपज मण्डी समिति करहिया रीवा का दौरा किया जहां पर उपस्थित कर्मचारियों से किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। श्री पाण्डेय ने कहा कि भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन का उद्देश्य किसानों की समस्याओं का समाधान और सहायता करना है। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को मानवाधिकार के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश संगठन सचिव रामपाल नामदेव, कल्याण सचिव डॉ.रजनीशकान्त मिश्रा, प्रदेश सचिव नरेन्द्र कुमार शर्मा, तहसील मीडिया प्रभारी संजीव गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक विष्णु प्रसाद शुक्ला, सरजीत साकेत, सूर्य प्रकाश साकेत, हरिशंकर मिश्रा, नागेश्वर प्रसाद कोल, श्रीमती मानवती कोरी, लक्ष्मीकान्त तिवारी, मन्नीलाल पासी आदि किसान व्यापारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा ने जिले की सोसायटियों के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किये हैं। कृपाराम बाबा आदिवासी मछुआ सहकारी समिति मर्यादित गोरमा दादर रीवा के लिये वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## कलेक्टर आज रायपुर कर्चुलियान में राजस्व महाअभियान की समीक्षा करेंगी

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 21 नवम्बर को तहसील कार्यालय रायपुर कर्चुलियान में राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा करेंगी।

# किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर-नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ

**रीवा।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है।



संभागीय कृषि अभियांत्रिकी विभाग सतना में सुपर सीडर उपलब्ध है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एकड़ क्षेत्र में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है। गेंहू के बाद जिन क्षेत्रों में मूंग की खेती की जाती है वहाँ भी सुपर सीडर बहुत उपयोगी है। हार्वेस्टर से कटाई के बाद गेंहू के शेष बचे डंठल को आसानी से मिट्टी में मिलाकर सुपर सीडर मूंग की बुवाई कर देता है। सुपर सीडर के उपयोग से जुताई का खर्च बच जाता है। नरवाई नष्ट करने, जुताई और बुवाई एक साथ हो जाने से खेती की लागत घटती है। जिन किसानों के पास ट्रैक्टर हैं उनके घर के शिक्षित युवा सुपर सीडर खरीदकर एक सीजन में एक लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं। इसका लाभ लेने के लिए आवेदक आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पासबुक, ट्रैक्टर के पंजीयन तथा पाँच हजार रुपए की धरोहर राशि के साथ एमपीऑनलाइन के कॉमन सर्विस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट सहायक कृषि यंत्री रीवा के नाम से बनवाना होगा।

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा
अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर फायदें
• अस्पताल मे रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय मे ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है
उपलब्ध सुविधाएँ
• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष
आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-
लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
8435896118, 9630131919, 7898847200

## आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के समग्र विकास का बड़ा कदम



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# मध्यप्रदेश की पहली मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, उज्जैन का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

**21 नवम्बर, 2024 । अपराह्न 2:00 बजे**
**सामाजिक न्याय परिसर उज्जैन, मध्यप्रदेश**



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं

- **550** बिस्तरीय शिक्षण अस्पताल
- **24x7** आपातकालीन सेवा
- **150** एम.बी.बी.एस. सीट की प्रवेश क्षमता
- जनरल एवं सुपर स्पेशलिटी ओपीडी



### मेडिसिटी में सुविधाएं

- सुपर-स्पेशलिटी एवं मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
- डायग्नोस्टिक सेंटर, फार्मेसी
- चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र
- विभिन्न उपचार हेतु वेलनेस केन्द्र
- आयुष अस्पताल
- पैरामेडिकल कॉलेज
- एकीकृत एवं समग्र स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा
- ईको-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर
- स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP #MediCityUjjain

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11103/24 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833